जब व्यक्ति अपनी प्रवृत्ति के अनुसार उद्देश्य बनाकर संकल्प की बूंद से सिंचित कर देता है तो अपनी जन्मभूमि पर दूसरे की प्रवृत्ति की फसल नहीं हो पाती है। उसके लिए वह भूमि उसर की तरह हो जाती है। वह अपनी ही प्रवृत्ति की फसल के लिए उपजाऊ जमीन होती है। स्वतंत्रता की मेड़बंदी उसकी सुरक्षा करती है। ऐसा करने से व्यक्ति बाध्य नहीं होता है। परिस्थिति के अनुसार अपने प्रवृत्ति रक्षा करने का निर्णय ले सकता है। स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए कभी किसी से प्रतिज्ञाबद्ध नहीं होना चाहिए। प्रतिज्ञाबद्ध होने से व्यक्ति की स्वतंत्रता खत्म हो जाती है इसमें कई ऐसे कार्य करने पड़ते हैं जो अपनी प्रवृत्ति के विरोधी होते हैं। जो अधर्म और अन्याय की तरफ ले जाते हैं जिससे अपनी जन्मभूमि पर जिससे प्रतिज्ञाबद्ध होते हैं उसका कब्जा हो जाता है। स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए लालच और चाहत का भी त्याग कर देना चाहिए। यह दोनों गुण भी स्वतंत्र नहीं रहने देते हैं। अपनी पूर्ती के लिए दूसरे से समझौता कर लेते हैं जिससे समझौता किया जाता है उसका कब्जा जन्मभूमि पर हो जाता है। आवश्यकता पड़ने पर प्रकृति साधन उपलब्ध करा देती है, उसी साधन में अपने व्यक्तित्व का विकास हो पाता है। साधन ज्यादा हो जाने से भी जन्मभूमि कम उपजाऊ हो जाती है। प्रवृत्ति का विकास बीजीय रचना का गुण है जो स्वतः होता है। इस विकास के लिए जिस चीज की आवश्यकता पड़ती है उसे प्राप्त कर लेता है। अपने उद्देश्य की रेखा के बाहर नहीं जाना चाहिए। उद्देश्य का निर्धारण करते समय अपनी प्रवृत्ति का ध्यान रखना चाहिए और उसका आदर्श धर्म की तरफ होना चाहिए, इससे अच्छी फसल का उत्पादन होता है। जो सुगंध बनकर प्रकृति को सुगंधित करती है और धर्म युद्ध की युद्धभूमि बनकर अधर्म को खत्म करने का अस्त्र बनाती है।

अपने उद्देश्य के विपरीत विचार ना आने दें और उसके प्रति सकारात्मक सोच रखें। सांस लेते समय भी अपने उद्देश्य को याद रखें ऐसा करने से सांस के माध्यम से ऑक्सीजन के रूप में विपरीत ऊर्जा अंदर नहीं आ पाएगी। इस वैज्ञानिक मार्ग पर चलने से कभी कोई अपनी जन्म भूमि पर कब्जा नहीं कर सकता। वैज्ञानिक मार्ग पर चलकर अपनी जन्मभूमि संभालें, उसे सुगंधित फसल उगाने और धर्म युद्ध में भाग लेने योग्य बनाए इसी शुभकामना के साथ।

प्रश्न हमारे
उत्तर श्री अशोक मानव जी के

प्रश्न :-जीव अपने गंतव्य तक किस प्रकार से पहुंच सकता है ?

उत्तर :-जीव अपनी मृदा के प्रवृत्तीय गुण को सिद्धांत करने के लिए शरीर रुपी भूगोल बनाकर उसमे स्वरसायन लोक से नियत स्वाभाविक पदार्थीय तत्व गंधीय मिलान कर बनने वाली ऊर्जा से गुब्बारे की तरह स्वतः अपने गंतव्य तक पहुंच जाता है।

प्रश्न :- जीवन को किस प्रकार से ससरल बनाया जा सकता है ?

उत्तर :- सम्यांकित रसायन का लंकरी मिलान हर जीवन को उसके कर्मानुसार 'सरल' करता रहता है जो अवस्था रूप में हर किसी को प्राप्त होता है। यही कर्म का परतीय विज्ञान होता है जिस पर गुजरते जाने से जीवनसरल हो कर भारमुक्त होता जाता है।

प्रश्न :- मानव अपनी समस्याओं और परेशानियों से किस तरह बच सकता है ?

उत्तर :-जिस प्रकार शांत जल अपने अंदर फैली गंदगी नीचे दबा देता है ठीक उसी प्रकार मानव चित्त(मन) को शांत करके नकारात्मक ऊर्जा खत्म करके अपनी हर परेशानी से बच सकता है।

यदि किसी पाठक के मन में कोई भी सामाजिक या प्राकृतिक प्रश्न उठ रहा है वह उस प्रश्न का निदान चाहते हैं तो पाठक हमें अपना प्रश्न निम्न पते पर भेज सकते हैं। निदान प्रश्न के अगले अंक में दिया जाएगा।
आप अपना प्रश्न डाक द्वारा या ईमेल पर भेज सकते हैं
डाक पता : प्रकृति मेल, सर्या आश्रम, मानव नगर (निकट आई.आई. एस.ई),
कल्याणपुर, लखनऊ-226022, उ० प्र०
ईमेल - info@parkritimail.com, editor.prakritimail@gmail.com

आमी से गोमती तक : अंश 9

उस पार न जाने क्या होगा ?

प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी
आकाशवाणी से सेवानिवृत्त अधिकारी

पाठकों को मैं पहले ही यह बता चुका हूँ कि 'बच्चन' जी मेरे प्रिय लेखक-कवि बन चुके थे। उनसे अपनी अंतरंगता बढ़ती चली गई थी । उनसे जुड़ने पर मुझे आनन्द आया और दुःख भी । आनन्द इसलिए कि उनसे पत्राचार करते हुए मानो मैंने साहित्य संसार का आसमान छू लिया हो और दुःख इसलिए कि उनके देहावसान के बाद उनके कुछ अन्तरंग लोगों ने मुझे छला, निराश भी किया । ..... लेकिन उसकी चर्चा आगे करूंगा । अभी तो कुछ अपनी और बहुत कुछ अपने जीवन की राम कहानी !

वर्ष 1972 में जब मैं ग्रेजुएट में था उस समय मेरी बड़ी बहन विजया (जिन्होंने हिन्दी में पी.एच.डी.भी कर लिया था) का विवाह गोंडा में श्री सुरेश चन्द्र उपाध्याय, प्रसिद्ध वकील, के लड़के डा.तारकेश्वर उपाध्याय जियालाजिस्ट से तय हो गया । वैसे इसके पहले और भी ढेर सारे कुलीन परिवार के लडकों की कुंडलियाँ खंगाली गईं लेकिन असीमित दान- दहेज के नाम पर बात बन नहीं रही थी । मेरे पितामह इस सम्बन्ध से थोड़ा नाराज़ भी हुए क्योंकि वे बस्ती या उसके आसपास के जिलों में अपने घर की कन्या नहीं देना चाहते थे और उपाध्याय परिवार में तो कतई नहीं । उनकी बस्ती जिले में ब्याही गई बेटियाँ बीमारी की हालत में ससुराल वालों की बदहाल परवरिश के चलते कम उम्र में चल बसी थीं । लेकिन ऐसे सम्बन्ध तो पहले से तय हुआ करते हैं और 22 मई 1972 को विजया-तारकेश्वर का विवाह गोरखपुर में धूमधाम से सम्पन्न हुआ । तीन दिन की बरात रुकी थी । मेरे पितामह पंडित भानुप्रताप राम त्रिपाठी और दादी श्रीमती पार्वती देवी ने कन्यादान किया क्योंकि दहेज़ के लेन -देन वाली यह शादी पिताजी के उसूलों के खिलाफ थी । घर की पहली शादी थी और परिजनों का उत्साह देखते बन रहा था । पिताजी बहुत मुदित थे क्योंकि पढ़े लिखे परिवार में शादी हो रही थी । मुझे याद है कि पिताजी ने लगभग एक शोधपत्र की तरह बारातियों के लिए अभिनन्दन पत्र छपवाया था जिसमें दोनों परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दी गई थीं । कुछ मोहक शब्द आज भी याद हैं – जैसे, हे आत्मीय समधी जी , अतिथि देवोभव की वैदिकी अनुगूँज से अनुप्राणित आज अपनी लघुता में सम्पूर्ण शहर के स्नेह के साथ आपके पावन निर्देशन में अपने प्राणों के सरगम आत्मजा को अशेष विश्वास के साथ समर्पित करते हुए हम आनन्द विह्वल हैं । आदरणीय अभ्यागत ! आपने पधार कर हमारे तंडूल को स्वीकार कर हमें गौरव दिया है ..अवश्य ही हमारी अभ्यर्थना में कुछ अभाव रहे होंगे पर पुजारी की श्रद्धा का प्रयास उसका विभावपूर्ण थाल नहीं अंतस की अमित पुजापा है...आदि ।

इसी तरह जब मैं विधि स्नातक का कोर्स कर रहा था और आपातकाल के दौरान वर्ष 1975 में पिताजी की गिरफ्तारी सहित तमाम नाटकीय घटनाओं के बाद मेरे बड़े भाई डा.सतीश चन्द्र त्रिपाठी का विवाह 6 जुलाई 1975 को विन्ध्याचल मंदिर के मुख्य पुरोहित मिश्र परिवार के विजय शंकर मिश्र की कन्या वीना से विध्याचल में सम्पन्न हुआ था । इन दोनों विवाहों का दान- दहेज़ के लेन - देन के कारण पिताजी ने लगभग बायकाट किया था और पितामह और दादी जी की अगुआई में ये सम्पन्न हुए थे । भाई साहब के विवाह के कुछ महीने पहले ही पितामह और दादी ने हम दोनों भाइयों का जनेऊ संस्कार विन्ध्याचल में ही सम्पन्न कराया था,उसमें भी पिताजी ने हिस्सा नहीं लिया था ।

वर्ष 1973 में जब मैं बी.ए.कर चुका

था तब मुझे सेवा में जाने के दो-तीन अवसर मिले थे । एक "दैनिक जागरण" गोरखपुर के सम्पादकीय में काम करने का और दूसरा उ.प्र. सरकार के सूचना विभाग में अनुवादक कम सहायक सूचना अधिकारी बनने का और तीसरा भारतीय खाद्य निगम में जन सम्पर्क अधिकारी बनने का । उन दिनों के सर्वाधिक सर्कुलेशन वाले वाराणसी से छपकर आनेवाले अखबार "आज" के बाज़ार को गोरखपुर से "दैनिक जागरण" प्रकाशित करके हथियाने के लिए पूर्णचन्द्र गुप्त डेरा डाले हुए थे । गोरखपुर से छपने वाला "हिन्दी दैनिक" अच्छी सम्पादन टीम के अभाव में अपने अंतिम दिन गिन रहा था । उसकी सर्कुलेशन निल थी और सिर्फ सरकारी गजेट और विज्ञापन ही उसमें छपते थे । तदर्थ तौर पर ह्रदय विकास पाण्डेय ने "दैनिक जागरण" गोरखपुर के डमी अंकों के सम्पादन का काम शुरू कर दिया था और वे और पूर्णचंद्र गुप्त,योगेश गुप्त,मुन्नालाल पत्रकार आदि मिलकर अपनी सम्पादकीय टीम बनाने के लिए प्रयासरत थे। याद नहीं है कि किसने मुझे भी प्रयास करने को कहा था और मैं बेतियाहाता स्थित उसके प्रेस में जाने लगा था । मुझे एक टेबिल कुर्सी दे दी गई थी और टेलीप्रिंटर से निकले समाचार को काट-छांट कर प्रेस लायक बनाने का काम मैंने शुरू भी कर दिया था । दो या तीन दिन बाद मुझे मालिकान ने बुलाया और नरेंद्र मोहन के नाम एक सीलबंद लिफाफा देते हुए कहा गया कि फाइनल एप्वाइन्टमेंट के लिए मुझे अपने खर्च पर उसके मुख्यालय कानपुर जाकर एक हफ्ते तक वहां ट्रेनिंग लेनी है । पत्रकार बनने का इतना उत्साह और उमंग था कि मैं कानपुर चला गया और वहां किसी परिचित के घर अतिथि बनकर पूरे हफ्ते सर्वोदय नगर जाता रहा । सुबह नाश्ते के बाद मैं दफ्तर चला जाता था और शाम तक थका हारा लौटता था। वहां प्रेस की ओर से दो तीन चाय अवश्य मिल जाती थी । वहां पता चला कि जागरण संस्थान ट्रेनी जर्नलिस्ट के रूप में तीन सौ रूपये महीने पर आफर देती है और एक साल बाद नियमित वेतन स्केल में रख लेती है । चलते समय एडिटोरियल इंचार्ज किन्हीं सत्यदेव शर्मा जी ने मुझे पास कर दिया और मालिक नरेंद्र मोहन से मिलकर एक संस्तुति पत्र ले लेने को कहा । मैंने वैसा ही किया और वापस गोरखपुर आ गया । यहाँ एक बार फिर जब मैं पूर्ण चन्द्र गुप्त की टीम (उनके साथ मुन्ना लाल थे) के सामने हाज़िर हुआ तो उन्होंने विशुद्ध बनिया के रूप में मुझे दो सौ पचास रूपये महीने पर काम करने का आफर दिया । मैंने उनसे तीन सौ रूपये की मांग की जिसे उन्होंने लगभग ठुकरा दिया । मुन्नालाल जी ने बीच बचाव की मुद्रा में मुझे ऑफर स्वीकार लेने को कहा तो मैं भड़क उठा । इस एक हफ्ते पन्द्रह दिन में "हिन्दी दैनिक" बंद हो गया था और उसके सम्पादकीय टीम के कुछ नाकारा लोग मात्र एक सौ रूपये महीने की नौकरी पर "दैनिक जागरण" में आ गए थे । पूर्णचन्द्र गुप्त उसी का फायदा उठा रहे थे । मुझे नौकरी की शौकिया आवश्यकता थी न कि मैं भूखा मर रहा था । मुझे इस बात का दुःख था कि जब मैंने हफ्तों कानपुर रहकर इनकी इच्छा पूरी करके नौकरी की मांग की है तो ये क्यों सौदेबाजी कर रहे हैं । कानपुर में ये लोग तीन सौ दे रहे हैं तो गोरखपुर में क्यों नही ? मैंने उनकी इस बनियागीरी पर फटकार भी लगाईं थी और कमरे से निकलते समय उनका यह व्यंग भी सुना था कि "लगता है कि तुम परिवार के बिगड़े लडके हो !" उन्हीं के पुत्र योगेन्द्र मोहन ने भी मुझे मेरी क्षमताओं से पहचान लिया था और वे चाहते थे कि मैं जागरण से जुड़ जाऊं । लेकिन उनकी चलती नहीं थी । चल कर "दैनिक जागरण" गोरखपुर प्रबन्धन को ऐसी ही परिस्थितियों के झंझावात से गुजरना पड़ा , महीनों तालाबंदी रही लेकिन वे अपने छल -बल से सर्वाइव कर गए और आज गोरखपुर ही क्या लगभग पूरे उ.प्र.में उनका डंका बज रहा है । आज न तो पूर्णचन्द्र हैं,न धीरेन्द्र मोहन लेकिन उनकी पत्रकारिता की बनियागीरी की परम्परा शाश्वत चली आ रही है ।

अब इसी क्रम में अपनी दूसरी और तीसरी नौकरी के ऑफर के बारे में भी बताता चलूं । हुआ यह कि 1974-75 में ही उ.प्र. सूचना विभाग में सूचना अधिकारियों के लिए सीधी नियुक्ति का विज्ञापन निकला । उस समय गोरखपुर में जिला सूचना अधिकारी के रूप में त्रिपुरारी भास्कर नियुक्त थे और मेरी साहित्यिक और पत्रकारिता सम्बन्धी उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मुझे भी सुझाव दिया था कि मैं आवेदन करू। मैंने आवेदन कर दिया था । कुछ सोर्स भी लगा दिए। सूचना निदेशालय लखनऊ में साक्षात्कार तो अच्छा हुआ लेकिन मेरी नियुक्ति नहीं हो सकी । जिस सोर्स का सन्दर्भ मैं दे रहा हूँ वह इतना प्रभावकारी था कि कुछ ही महीनों में मेरे पास उ.प्र.सरकार के राजचिन्ह मछली बना हुआ नियुक्ति पत्र हाथ आया जिसमें मुझे बरेली के जिला सूचना अधिकारी कार्यालय में सहायक जिला सूचना अधिकारी/अनुवादक के पद पर कार्यभार ग्रहण करने का आदेश था । मन ललचा उठा लेकिन एक तो कम उम्र थी दूसरे वेतन बहुत कम था। इसलिए मैंने ज्वाइन नहीं किया । इन्हीं कालखंड में गोरखपुर में 1968 में इंदिरा गांधी द्वारा स्थापित फर्टिलाइजर फैक्ट्री ने अपने लिए पी.आर.ओ.की वेकेंसी निकाली थी । मैंने भी अप्लाई कर दिया था । उन दिनों गोरखपुर की यह अकेली औद्योगिक विशाल भूखंड में स्थापित इकाई थी । सिर्फ इंटरव्यू पर चुनाव होना था और लगभग दो दर्जन मुझ जैसे नौजवान अपनी सुपात्रता का दावा लेकर इंटरव्यू में पहुंचे। बढ़िया आवभगत हुई और भव्य जलपान मिला ।मेरा इंटरव्यू भी ठीक ही हुआ था लेकिन वहीं इस बात की अफवाह उड़ चुकी थी कि पेट्रोलियम मिनिस्ट्री से किसी के लिए सिफारिश आ चुकी है। फलस्वरूप सबके दावे सबके पास धरे रह गए। लेकिन जैसा 'बच्चन' जी कहते हैं-" मन का हो तो अच्छा, ना हो तो और भी अच्छा क्योंकि वो रब की मर्जी है !" इसलिए जो हुआ अच्छा ही हुआ क्योंकि बाद में 10 जून वर्ष 1990 से इस फैक्ट्री पर काल मंडराने लगा,उस दिन अमोनिया गैस रिसाव के चलते एक इंजीनियर की मृत्यु हो गई और फैक्ट्री से उत्पादन बंद कर

दिया गया। वर्ष 2002 में सभी को वी.आर. एस.दे दिया गया।

अब उस नौकरी की बात जो मेरे संग - साथ 36 वर्षों तक बनी रही । वर्ष 1977 के अप्रैल महीने की 29 वीं तारीख ...मुझे अच्छी तरह याद है कि मैं उस दिन लगभग 11 बजे अपने गाँव से गोरखपुर आ रहा था । घर की गली में ही मेरी मुच्छड़ पोस्टमैन राय साहब से मुलाक़ात हो गई और उसने बड़े तपाक से कहा –'अरे साहब आपकी एक रजिस्ट्री आई है । 'मैं हतप्रभ ! मैंने उत्सुकता से डाक ली , लिफ़ाफ़े पर एक नज़र डाला तो पाया कि ख़ाकी रंग के मीडियम साइज़ के उस लिफ़ाफ़े पर भारत सरकार की मुहर On India Govt. Service लगी है और भेजने वाले स्टेशन डाईरेक्टर,आल इंडिया रेडियो, इलाहाबाद थे। मन खुशी से बल्लियों उछलने लगा लेकिन इसे जाहिर नहीं होने दिया। घर पहुंचा तो पिताजी कचहरी जा चुके थे । अम्मा को इस खुशखबरी को बताया और नहा- धोकर लगभग एक तीस बजे कचहरी पहुँच गया । मैंने पिताजी से कहा कि बस अब मुझे मेरी मनचाही नौकरी मिल गई है। आप मेरा मेडिकल आदि करवा दीजिए, किसी राजपत्रित अधिकारी से चरित्र प्रमाणपत्र दिलवा दीजिए और मुझे रवाना होने की आज्ञा दीजिए । संयोग देखिए , पिताजी के चेंबर में उसी समय उन दिनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के युवा नेता (और अब माननीय राज्यपाल,हिमांचल प्रदेश)श्री शिव प्रताप शुक्ला का आगमन होता है और पिताजी उन्हें सी.एम.ओ. के यहाँ जाने और मेरा मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने का परामर्श देते हैं। उन दिनों छात्र नेताओं का बड़ा दबदबा था। हम दोनों रिक्शे से जिला अस्पताल पहुँचते हैं और सी. एम. ओ.साहब चायपान कराने के साथ मेरे मेडिकल की औपचारिकता आनन फानन में पूरी कर देते हैं। ....अब वापस कचहरी। इस बीच मुंशी श्रीनिवास सिंह को भेजकर पिताजी ने इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के लिए त्रिवेणी एक्सप्रेस में मेरा श्री टायर में रिजर्वेशन भी करा दिया था। अब पिताजी एक सत्र न्यायाधीश श्री उमेश चन्द्र मिश्र के चेंबर में मुझे लेकर जाते हैं और मुझे उनका दिया चरित्र प्रमाण पत्र मिल जाता है। औपचारिकताएं पूरी.... अब अपनी ज़िंदगी के एक नए अध्याय की शुरुआत तीर्थराज प्रयाग से होनी है । रात की ट्रेन है और इलाहाबाद अकेले जाना है । मन में धुकधुकी ..गोरखपुर छोड़ने की पीड़ा अलग से ...।

परिवार में सभी इस समाचार से प्रसन्न थे । छोटे भाई दिनेश चन्द्र त्रिपाठी उन दिनों सेंटएंड्रयूज कालेज से बी.एस.सी.कर रहे थे। गोरखपुर विश्वविद्यालय में बाटनी में रिसर्च कर रहे बड़े भाई साहब प्रोफ़ेसर एस. सी. त्रिपाठी ने रिक्शे से रेलवे स्टेशन ले जाकर तमाम हिदायतों के साथ मुझे ट्रेन में बिठाया। पिताजी ने मेरे रहने और खाने- पीने के लिए अपने श्वसुर (मेरे नाना जी) जस्टिस हरिश्चन्द्र पति त्रिपाठी,गंगा आश्रम,15 कमला नेहरू मार्ग,इलाहाबाद के लिए पत्र दे दिया था। रात ट्रेन में लगभग बेचैनी में बीती ....और, अब मैं रामबाग रेलवे स्टेशन पर उतरकर रिक्शेवाले को हाथी पार्क / हिन्दू हास्टल चलने को बोला। अब मै उनके सम्मुख उपस्थित था। ...हाथ में पिताजी का पत्र, एक अटैची और एक छोटा होल्डाल ।

जज साहब (नाना जी) उन दिनों हाईकोर्ट इलाहाबाद के न्यायाधीश पद से तुरंत तुरंत रिटायर हुए थे। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के भवन के सामने , हिन्दू हास्टल से लगा लगभग दस एकड़ में फैला उनका भव्य मकान, बहुत बड़ा लान और कई नौकर चाकर। वर्ष 1977 का कुम्भ मेला सकुशल सम्पन्न कराने की ज़िम्मेदारी कुम्भ मेला अधिकारी के रूप में निभा रहे मेरे आई.ए.एस. मामा जी श्री सुशील चन्द्र त्रिपाठी भी उन दिनों वहीं थे। सबसे छोटे मामा सुधीर चन्द्र त्रिपाठी आई.ए.एस.की तैयारी कर रहे थे और एक और मामा श्री प्रकाश चन्द्र त्रिपाठी उच्च न्यायालय में वकालत कर रहे थे । जज साहब बाहर ही बरामदे में बैठे सुबह की चाय पी रहे थे। प्रणाम - आशीर्वाद के बाद उन्होंने आने का कारण पूछा । मैंने पिताजी का पत्र झट से आगे बढा दिया । इस बीच मेरे लिए भी चाय आ चुकी थी।

"अच्छा! तो तुमको नौकरी मिल गई है ! "...थोड़ी देर के मौन के बाद वे आगे बोले –"देखें तो तुम्हारा एपाइन्टमेन्ट लेटर ! " मैंने झट से अटैची खोली और पेपर्स आगे बढ़ा दिए । वे उसे पढ़ने लगे ...इसके बाद फिर मौन । "क्लास श्री ..नान गजेटेड ?....अच्छा ?" वे हलके स्वर में बोल रहे थे । मैंने समझ लिया कि मेरी इस नौकरी से वे बहुत प्रसन्न नहीं हुए जबकि मेरे लिए कचहरी के नरक में डूबने उतराने से लाख गुना अच्छा यह आफर था । नौकरी चाहे वह क्लास श्री की हो या नान गजेटेड !कम से कम मनचाही है , सरकारी तो है ? थोड़ी देर में नौकरी सम्बन्धी पेपर मेरे हाथ में वापस आ गए । मुझे उन्होंने अपने ऑफिस कम लाइब्रेरी में डेरा डालने का आदेश सुना दिया था । नौकर ने उसी में एक चारपाई डाल दी ,एक स्टूल रख दिया । सुबह के लगभग दस बज चुके थे और मैंने नहा धोकर नाश्ता करके नाना-नानी आदि का पैर छूकर प्रस्थान कर दिया । मुझे नहीं पता था कि वहां का आकाशवाणी केंद्र किधर है और उनसे पूछने में डर लग रहा था । किसी ने बता रखा था कि हाथी पार्क से यू.पी.एस.सी.वाली सड़क पर नाक की सीधाई में चलते जाना,चलते ही जाना । मैंने रिक्शा लेना मुनासिब समझा और अब मैं दयानन्द मार्ग के आखिरी छोर पर स्थित आकाशवाणी इलाहाबाद के गेट पर हाज़िर था । दो हिस्सों में बंटी हुई यह बहुत पुरानी बिल्डिंग थी । गार्ड को अपने आने का कारण बताया तो उसने अन्दर जाने दिया । मैं अब अपने जीवन के एक नये अध्याय में प्रवेश कर रहा था जिसके साथ मेरे ढेर सारे आत्मगन्धी संस्मरण जुड़ने वाले थे । ढेर सारे लोग जीवन में प्रवेश करने वाले थे । परिवार और घर- द्वार से निकल कर मैं अब एक अनजानी, अचीन्हीं दुनिया में प्रवेश कर रहा था यह उत्कंठा लिए कि उस पार ना जाने क्या होगा ? ◆◇◆

(क्रमशः...अगले अंक में)

22 मई - राजा राममोहन राय की जयन्ती

साँच को कभी भी आँच नहीं

गोवर्धन दास बिन्नाणी
'राजा बाबू'
बीकानेर, राजस्थान

राजा राममोहन रॉय को भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है। भारतीय भाषायी प्रेस के प्रवर्तक, जनजागरण और सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता तथा बंगाल में नव-जागरण युग के पितामह थे। भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के अलावा वे दोहरी लड़ाई लड़ रहे थे। दूसरी लड़ाई उनकी अपने ही देश के नागरिकों से थी। जो अंधविश्वास और कुरीतियों में जकड़े थे। राजा राममोहन राय ने उन्हें झकझोरने का काम किया।

हम सभी को हमेशा सत्य ही बोलना चाहिये क्योंकि सत्य वचन का वजन स्वतः ही बढ़ जाता है। आपको अपने वचन को सिद्ध करने के लिये किसी भी प्रकार की कसम खाने की आवश्यकता ही नहीं।और याद रखें सत्य बोलने वाले की कभी भी हार नहीं होती।हाँ,कुछ समय के लिये परेशानी हो सकती है। लेकिन लाख मुसीबत आने पर भी सच्चा आदमी घबडाता नहीं है बल्कि ड़टा रहता है और अन्त में उन मुसीबतों से छूटकारा मिलना तय है क्योंकि साँच को कभी भी आँच नहीं।

अब उपरोक्त से सम्बन्धित एक ऐतिहासिक घटना आप सभी के ध्याननार्थ यहाँ प्रस्तुत कर रहा हूँ-

गत बार बीते 22 मई को हम सभी ने भारतीय भाषायी प्रेस के प्रवर्तक, जनजागरण और सामाजिक सुधार आन्दोलन के प्रणेता

राजा राममोहन राय का 250वाँ जन्मदिन मनाया था।उन्हीं के जीवन से सम्बन्धित यह सच्ची घटना अनेक मायनों में प्रेरणादायक है जो उनको राजा की उपाधि मिलने के पहले घटित हुयी थी।

हुआ यों कि 1808 व 10809 के बीच राममोहन रॉयजी की जब भागलपुर में तैनाती थी तब वे एक बार पालकी में सवार होकर गंगाघाट से भागलपुर शहर की ओर जा रहे थे, तो घोड़े पर सैर के लिए निकले कलेक्टर सामने आ गये । पालकी में लगे परदे के कारण राममोहन रायजी उनको देख नहीं सके और यथोचित शिष्टाचार से चूक गये । आप सभी के लिये यहाँ यह उल्लेख करना आवश्यक है कि उन दिनों किसी भी भारतीय को किसी अंग्रेज अधिकारी के आगे घोड़े या वाहन पर सवार होकर गुजरने की इजाजत नहीं थी। इस 'गुस्ताखी' पर कलेक्टर आग बबूला हो उठे।राममोहन रायजी ने उन्हें सच्ची बात बता दी अर्थात अपनी तरफ से उन्हें यथासंभव सफाई दी लेकिन वह कुछ भी सुनने को तैयार नहीं हुए तब वे उस समय वहाँ से वापस अपनी पालकी में बैठ निकल लिये। लेकिन उसके बाद 12 अप्रैल,1809 को उन्होनें गवर्नर जनरल लार्ड मिंटो को उस पूरे घटनाक्रम को विस्तार से लिख भेजा जिसके परिणाम स्वरूप गवर्नर जनरल ने उस कलेक्टर से उस घटना का पूरा विवरण मंगाया। जैसा हम सभी जानते हैं कलेक्टर ने अपनी रिपोर्ट में राममोहनजी की शिकायत को झूठी बताया । लेकिन जैसा मैंने ऊपर व्यक्त किया सत्य वचन का वजन स्वतः ही बढ़ जाता है इसलिये गवर्नर जनरल ने स्वतः अलग से जांच कराई और राममोहन जी की बात सही पायी तब फिर अपने न्यायिक सचिव की मार्फत कलेक्टर को फटकार लगाकर आगाह कर दिया कि वे भविष्य में देशी लोगों से बेवजह के वाद-विवाद में न फंसें। इस तरह राममोहन जी सत्य वचन के चलते मुसीबत से बचे ही नहीं बल्कि अन्य भारतीयों के लिये भी रक्षा कवच निर्माण कर पाये।

अन्त में निष्कर्ष में मैं सुप्रसिद्ध कवि शिरोमणि कबीर दास जी ने सत्य की शक्ति का वर्णन करते हुये जो निम्न दोहा गढ़ा वह यहाँ भावार्थ सहित आप सभी के लिये प्रस्तुत कर रहा हूँ -

साँच शाप न लागे, साँच काल न खाय।

साँचहि साँचा जो चले, ताको कहत न शाय।।

उपरोक्त दोहे से कबीर दासजी हम सभी को बता दिया कि सत्य अथाह शक्ति है, यही यथार्थ है। सच बोलने वाले को तीनों लोकों का भी भय नहीं होता, क्योंकि सत्यवादी से तो स्वयं यमराज भी डरते हैं।सत्य को दबा पाने की अथवा छुपा पाने की क्षमता संसार में किसी भी वस्तु में नहीं है। और कहा है कि सांच, अर्थात सत्य बोलने वाले को कोई श्राप नहीं लगता, किसी की बद्दुआ का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। साथ ही सत्य को न ही काल खा सकता है, न ही यह कभी मरता है अर्थात सत्य अमर एवं अजेय है। जो भी सत्य के सांचे में ढल जाता है , अर्थात जो मन-कर्म एवं वचन से सत्य का साथ देता है , उसका भला कौन नाश कर सकता है ?

i5, i7 और i9 में अंतर

अजय मिश्रा

Intel कंपनी द्वारा विकसित i5, i7 और i9 तीनों प्रोसेसर्स कंप्यूटर सिस्टम्स में प्रयुक्त होने वाले तीनों बहुत ही लोकप्रिय प्रोसेसर्स हैं। ये सभी प्रोसेसर्स उन लोगों के लिए अनुकूल होते हैं जो अपने कंप्यूटर का उपयोग भारी विषयों जैसे कि गेमिंग, वीडियो एडिटिंग, वेब डिजाइन और विकास आदि के लिए करते हैं।

चलिए, जानते हैं कि i5, i7 और i9 में क्या अंतर होता है।

कोरः i5 प्रोसेसर में आमतौर पर 4 तक के कोर होते हैं। जबकि i7 प्रोसेसर में 4 से 8 तक के कोर होते हैं। i9 प्रोसेसर में भी 4 से 8 तक के कोर होते हैं लेकिन ये कोर अधिक शक्तिशाली और त्वरित होते हैं।

2.क्लॉक स्पीडः i5 प्रोसेसर का क्लॉक स्पीड आमतौर पर 2.5 जीगाहर्ट्ज (GHz) से 3.5 GHz तक होता है। जबकि i7 प्रोसेसर का क्लॉक स्पीड 2.8 GHz से 4.0 GHz तक होता है। i9 प्रोसेसर का क्लॉक स्पीड 3.0 GHz से 5.0 GHz तक होता है। ये स्पीड सभी तीनों प्रोसेसर्स में कार्य करने की गति पर निर्भर करते हैं।

हारडिस्कः i5 प्रोसेसर आमतौर पर SATA डिस्क इंटरफेस के साथ आता है जो एक पुरानी तकनीक होती है। i7 और i9 प्रोसेसर आमतौर पर NVMe (Non-Volatile Memory Express) डिस्क इंटरफेस के साथ आते हैं जो अधिक त्वरित डेटा पहुंच और अधिक संभवता देते हैं।

4. हाइपर थ्रेडिंगः i5 प्रोसेसर में हाइपर थ्रेडिंग फीचर उपलब्ध नहीं होता है जो कि i7 और i9 प्रोसेसर में उपलब्ध होता है। हाइपर थ्रेडिंग का मतलब होता है कि प्रोसेसर एक समय में एक से अधिक कार्य कर सकता है। इससे प्रोसेसिंग की गति बढ़ती है और एप्लीकेशन्स जल्दी से चलते हैं।

5. की एच जीयूः i5 प्रोसेसर का की एच जीयू 6 से 9 में रहता है। जबकि i7 प्रोसेसर का की एच जीयू 8 से 12 में रहता है और i9 प्रोसेसर का की एच जीयू 10 से 18 में रहता है। की एच जीयू की अधिकता से प्रोसेसर की क्षमता बढ़ती है।

6. मूल्यः i5 प्रोसेसर अधिकतर मध्यम बजट वालों के लिए होता है जो अपने कंप्यूटर को सामान्य उपयोग के लिए करते हैं। i7 प्रोसेसर एकदम ऊपरी वर्ग के उपयोगकर्ताओं के लिए होते हैं जो भारी गति वाले और बड़े डेटा के लिए एक्सेस करने की आवश्यकता रखते हैं। इनकी कीमतें भी इसी अनुसार ऊपरी होती हैं। i9 प्रोसेसर एक बारे में ही सबसे ऊपरी कीमतों में से एक होते हैं।

8. इन सब फीचर्स को मध्यम से ऊपरी रेंज में संयोजित करने से उपयोगकर्ताओं को इससे भी बेहतर कुछ चाहिए तो i5 प्रोसेसर

उनके लिए सबसे अच्छा हो सकता है। जबकि उन उपयोगकर्ताओं के लिए जो कम्प्यूटर संबंधित कामों में भारी उपयोग करते हैं और ऊपरी त्वरित की आवश्यकता रखते हैं, i7 या i9 प्रोसेसर सबसे अच्छे हो सकते हैं।

9. अंत में, i5, i7 और i9 प्रोसेसर तीनों ही काफी बढ़िया प्रोसेसर होते हैं। जैसा कि हमने देखा है, इन्हें उन उपयोगकर्ताओं के लिए अलग-अलग डिज़ाइन किया गया है जो इन्हें उनकी आवश्यकताओं के अनुसार चुन सकते हैं। यदि आप गेमिंग, वीडियो एडिटिंग, या कम्प्यूटर साइंस जैसे कामों के लिए अपने कंप्यूटर का उपयोग करते हैं, तो आपको i7 या i9 प्रोसेसर चाहिए होंगे। इनमें से कोई भी प्रोसेसर आपको त्वरित और सुगम कंप्यूटिंग का अनुभव देगा।

11. हालांकि, यदि आप एक सामान्य उपयोगकर्ता हैं जो इंटरनेट सर्फिंग, ईमेल, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, या अन्य सामान्य कामों के लिए कंप्यूटर का उपयोग करते हैं, तो आपको i5 प्रोसेसर चाहिए होगा। इससे आपको अच्छा प्रदर्शन और उत्कृष्ट बैटरी लाइफ मिलेगा।

12. एक अन्य महत्वपूर्ण फैक्टर है कि i7 और i9 प्रोसेसर उच्च श्रृंखला के होते हैं, जो उन्हें i5 से थोड़ा अधिक ऊँचा बनाता है। इसलिए, इन प्रोसेसरों की कीमत भी थोड़ी महंगी होती है। इन प्रोसेसरों का उपयोग करने से पहले, आपको यह भी ध्यान देना चाहिए कि आपके कंप्यूटर में उच्च श्रृंखला के अन्य कंपोनेंट भी होने चाहिए। अन्यथा, आपके प्रोसेसर के साथ अन्य कंपोनेंट घटकों की उपलब्धता न हो

13. एक अन्य महत्वपूर्ण फैक्टर है कि i7 और i9 प्रोसेसर उच्च श्रृंखला के होते हैं, जो उन्हें i5 से थोड़ा अधिक ऊँचा बनाता है। इसलिए, इन प्रोसेसरों की कीमत भी थोड़ी महंगी होती है। इन प्रोसेसरों का उपयोग करने से पहले, आपको यह भी ध्यान देना चाहिए कि आपके कंप्यूटर में उच्च श्रृंखला के अन्य कंपोनेंट भी होने चाहिए। अन्यथा, आपके प्रोसेसर के साथ अन्य कंपोनेंट घटकों की उपलब्धता न होने से आपको फायदा नहीं होगा।

14. i5, i7 और i9 प्रोसेसरों की मुख्य तुलनाओं में एक और महत्वपूर्ण फैक्टर है उनकी तकनीकी विशेषताएं। i9 प्रोसेसरों में i7 से अधिक कोर और थ्रेड्स होते हैं। इसका मतलब है कि i9 प्रोसेसरों में अधिक समय तक काम करने वाले बड़े कामों के लिए सबसे उन्नत कंप्यूटिंग प्रदर्शन मिलता है। इसके अलावा, i9 प्रोसेसरों में i7 से अधिक कैश होता है, जो उन्हें और अधिक त्वरित बनाता है।

इसके बाद आता है i7 प्रोसेसर। यह उच्च श्रृंखला के प्रोसेसरों में सबसे ज्यादा उपयोग किए जाने वाले प्रोसेसर हैं। i7 प्रोसेसरों में i5 से अधिक कोर और थ्रेड्स होते हैं जो उन्हें उन्नत कंप्यूटिंग के लिए अधिक सक्षम बनाते हैं। i7 प्रोसेसरों में i5 की तुलना में अधिक कैश भी होता है जो उन्हें और त्वरित बनाता है।

i5 प्रोसेसर सबसे कम श्रृंखला के प्रोसेसर होते हैं और यह दरअसल i7 और i9 के लिए एक प्रथम आरंभिक स्तर होते हैं। i5 प्रोसेसरों में कम कोर और थ्रेड्स होते हैं, इसलिए ये प्रोसेसर ज्यादा काम करने वाले कंप्यूटर उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक उपयुक्त नहीं होते हैं। यहां यह भी बताया जाना चाहिए कि i5 प्रोसेसरों की कीमत कम होती है जो इन्हें सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध बनाती है।

इन प्रोसेसरों की एक अन्य महत्वपूर्ण तुलना उनकी शक्ति उपयोग होने पर बिल्कुल स्पष्ट कर देती है। i9 प्रोसेसरों की शक्ति i7 से अधिक होती है जो कि i5 की तुलना में अधिक होती है। i7 प्रोसेसरोमें भी इसकी तुलना में अधिक शक्ति होती है लेकिन यह i9 की तुलना में कम होती है। i9 प्रोसेसरों में सबसे अधिक कोर और थ्रेड्स होते हैं जो इन्हें एक शक्तिशाली कंप्यूटिंग और ग्राफिक्स प्रोसेसिंग के लिए अधिक सक्षम बनाता है। i9 प्रोसेसरों में अधिक शक्ति के कारण इनकी कीमत भी i5 और i7 से अधिक होती है।

इसके अलावा, i9 प्रोसेसरों में i7 और i5 की तुलना में अधिक कैश भी होता है जो इन्हें त्वरित बनाता है। इन प्रोसेसरों का उपयोग अधिकतर गेमिंग या वीडियो एडिटिंग के लिए किया जाता है जहां उच्च गति और सक्रियता की आवश्यकता होती है।





i5, i7 और i9 प्रोसेसरों में आपके उपयोग के आधार पर अंततः फैसला लेना होगा। i5 प्रोसेसर बेहतरीन होते हैं जो छोटे स्तर के कंप्यूटर या उपयोगकर्ताओं के लिए होते हैं। i7 प्रोसेसर अधिक शक्तिशाली होते हैं जो अधिक सक्षमता और उन्नत कंप्यूटिंग के लिए उपयुक्त होते हैं। i9 प्रोसेसर इन ससभी में सबसे शक्तिशाली होते हैं और उन्हें उच्च स्तर की कंप्यूटिंग और ग्राफिक्स प्रोसेसिंग के लिए उपयुक्त माना जाता है। यदि आपको गेमिंग या वीडियो एडिटिंग जैसे शक्तिशाली उपयोग के लिए उच्च गति की आवश्यकता है, तो i9 प्रोसेसर सबसे अधिक उपयुक्त होंगे। लेकिन यदि आपके लिए सामान्य उपयोग जैसे इंटरनेट सर्फिंग, ऑफिस वर्क और बेसिक कंप्यूटिंग से संबंधित काम हैं, तो i5 या i7 प्रोसेसर भी काफी उपयुक्त होंगे।

i5, i7 और i9 प्रोसेसर तीनों ही काफी शक्तिशाली होते हैं और आपके उपयोग के आधार पर उपयोगकर्ता को उनमें से कौन सा प्रोसेसर उपयुक्त होगा, यह निर्णय लेना होगा। यदि आपके लिए केवल बेसिक कंप्यूटिंग के लिए प्रोसेसर की आवश्यकता है, तो i5 प्रोसेसर काफी होगा। यदि आपके लिए उच्च स्तर की कंप्यूटिंग और ग्राफिक्स प्रोसेसिंग की आवश्यकता है, तो i7 प्रोसेसर सबसे अधिक उपयुक्त होंगे

और यदि आपके लिए सबसे शक्तिशाली प्रोसेसर की आवश्यकता होती है, तो i9 प्रोसेसर सबसे अधिक उपयुक्त होगा। इसलिए, अपनी आवश्यकताओं के आधार पर अपना निर्णय लें।

एक और बात यह है कि जब आप इन प्रोसेसरों को खरीदते हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप उचित मद से खरीदें। i9 प्रोसेसर सबसे महंगे होते हैं और i7 प्रोसेसरों का भी दाम कुछ अधिक होता है। यदि आप इन प्रोसेसरों को खरीदने का विचार कर रहे हैं, तो आपको इनकी कीमतों और आपकी आवश्यकताओं के आधार पर उन्हें खरीदना चाहिए।

अंत में, i5, i7 और i9 प्रोसेसर सभी में सबसे शक्तिशाली होते हैं और इन प्रोसेसरों को आपके उपयोग के आधार पर खरीदा जाना चाहिए। यदि आपकी आवश्यकताएं बेसिक हैं, तो i5 प्रोसेसर काफी होगा। यदि आपकी आवश्यकताएं उच्च हैं, तो i7 प्रोसेसर सबसे अधिक उपयुक्त होगा। और यदि आपकी आवश्यकताएं सबसे शक्तिशाली प्रोसेसर की हैं, तो i9 प्रोसेसर सबसे अधिक उपयुक्त होगा। इन प्रोसेसरों को खरीदने से पहले, आपको इनकी विशेषताओं, लाभों, दुष्प्रभावों, आवश्यकताओं, उपयोगिता और बजट के आधार पर ध्यान से विचार करना चाहिए।

अगर आप एक गेमर हैं, तो i5 प्रोसेसर आपके लिए काफी हो सकता है लेकिन उच्च ग्राफिक्स के साथ गेमिंग के लिए i7 प्रोसेसर सबसे अधिक उपयुक्त हो सकता है। i9 प्रोसेसर सबसे शक्तिशाली होता है और विशेषताओं और उपयोगिता के लिए कई बढ़िया विकल्प प्रदान करता है।

इसलिए, आपको उपयोग के आधार पर अपने बजट और आवश्यकताओं के आधार पर निर्णय लेना चाहिए कि आपको कौन सा प्रोसेसर खरीदना चाहिए। i5, i7 और i9 प्रोसेसरों में से हर एक में अलग-अलग विशेषताएं होती हैं और इन प्रोसेसरों की आवश्यकता भी अलग-अलग होती है। इसलिए, आपको अपने उपयोग के लिए सबसे उपयुक्त प्रोसेसर का चयन करना चाहिए।

उम्मीद है कि यह लेख i5, i7 और i9 प्रोसेसर के बीच मुकाबले को समझने में आपाया। इन प्रोसेसरों के बीच चयन करने से पहले आपको अपने उपयोग के आधार पर अपनी आवश्यकताओं और बजट के आधार पर निर्णय लेना चाहिए।

अगर आपका बजट कम है और आपको सामान्य उपयोग के लिए प्रोसेसर की आवश्यकता है, तो i5 प्रोसेसर उपयुक्त हो सकता है। अगर आपका बजट बड़ा है और आप अधिक शक्ति की आवश्यकता है, तो i7 प्रोसेसर सही विकल्प हो सकता है। अगर आप एक बहुत बड़े बजट के साथ काम कर रहे हैं और सबसे अधिक शक्ति की आवश्यकता है,

तो i9 प्रोसेसर सबसे उच्च विकल्प होगा।

इन प्रोसेसरों की तुलना करते समय, i5 प्रोसेसर में 4 से 6 कोर और 4 से 12 स्थानों तक के थ्रेड होते हैं। i7 प्रोसेसर में 6 से 8 कोर और 8 से 16 स्थानों तक के थ्रेड होते हैं। i9 प्रोसेसर में 8 से 18 कोर और 16 से 36 स्थानों तक के थ्रेड होते हैं। इसके अलावा, i5 प्रोसेसर 9MB से 12MB की कैश मेमोरी के साथ आता है, i7 प्रोसेसर 12MB से 16MB की कैश मेमोरी के साथ आता है और i9 प्रोसेसर 16MB से 20MBकी कैश मेमोरी के साथ आता है।

जब हम i5, i7 और i9 प्रोसेसरों के क्लॉक स्पीड की बात करते हैं, तो i5 की क्लॉक स्पीड 1.7GHz से 4.6GHz तक हो सकती है, i7 की क्लॉक स्पीड 2.9GHz से 5.3GHz तक हो सकती है और i9 की क्लॉक स्पीड 3.1GHz से 5.3GHz तक हो सकती है।

जब हम इन प्रोसेसरों की ग्राफिक्स कार्ड की बात करते हैं, तो i5 प्रोसेसर अपने इंटेल इंटीग्रेटेड ग्राफिक्स कार्ड के साथ आता है। इसके विपरीत, i7 और i9 प्रोसेसर एक दूसरे से अलग होते हैं। i7 प्रोसेसर एक इंटेल इंटीग्रेटेड ग्राफिक्स कार्ड या इंटेल इरिस ग्राफिक्स कार्ड के साथ आता है। इसके अलावा, i7 प्रोसेसर में एक अलग से ग्राफिक्स कार्ड भी हो सकता है। वहीं, i9 प्रोसेसर एक अलग से ग्राफिक्स कार्ड के साथ आता है।

जब हम इन प्रोसेसरों की व्यवस्था संरचना की बात करते हैं, तो i5 प्रोसेसर अपने लेवल-2 कैश और लेवल-3 कैश के साथ आता है। i7 प्रोसेसर लेवल-2, लेवल-3 और लेवल-4 कैश के साथ आता है। i9 प्रोसेसर लेवल-2, लेवल-3, लेवल-4 और लेवल-5 कैश के साथ आता है।

जब हम इन प्रोसेसरों की बैटरी लाइफ की बात करते हैं, तो i5 प्रोसेसर के साथ आने वाले लैपटॉप्स की बैटरी लाइफ अधिक होती है। वहीं, i7 और i9 प्रोसेसरों के साथ आने वाले लैपटॉप्स की बैटरी लाइफ कम होती है।

जब हम इन प्रोसेसरों की मूल्यांकन करते हैं, तो i5 प्रोसेसर सबसे कम कीमत में उपलब्ध होता है। i7 प्रोसेसर मध्यम रेंज में आता है और i9 प्रोसेसर सबसे महंगा होता है।

इसके अलावा, i9 प्रोसेसर एक स्पेशल एडिशन भी है जो कि सबसे ज्यादा शक्तिशाली होता है। इसमें 18 कोर और 36 थ्रेड होते हैं, जो कि बहुत ही शक्तिशाली होता है। यह उन लोगों के लिए अच्छा होता है जो वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक्स डिजाइनिंग, गेमिंग और अन्य उच्च-स्तरीय काम करते हैं।

कुल मिलाकर, i5, i7 और i9 प्रोसेसरों में विभिन्न विशेषताएं होती हैं जो उन्हें उनके विभिन्न उपयोगों के लिए उपयोगी बनाती हैं। i5 प्रोसेसर को सामान्य उपयोगों के लिए बनाया गया है, जैसे इंटरनेट सर्फिंग, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस उपयोग और मल्टीमीडिया देखना। i7 प्रोसेसर उन लोगों के लिए होता है जो उच्च-स्तरीय काम करते हैं, जैसे कि वीडियो एडिटिंग, ग्राफिक्स डिजाइनिंग और गेमिंग। i9 प्रोसेसर सबसे शक्तिशाली होता है और उन लोगों के लिए अधिक उपयोगी होता है जो उन्नत उद्योगों में काम करते हैं।

अब आपको i5, i7 और i9 प्रोसेसर के बीच मुख्य अंतर और उनके विभिन्न उपयोगों के बारे में समझ आ गया होगा। आपको अपने उपयोग के आधार पर उन्हें चुनना चाहिए।

परंतु, कोई भी प्रोसेसर अकेले ही काफी नहीं होता। एक लैपटॉप में एक शक्तिशाली प्रोसेसर के साथ-साथ अन्य विशेषताओं की भी आवश्यकता होती है, जैसे कि ग्राफिक्स कार्ड, रैम, स्टोरेज आदि। इन सभी तत्वों को मिलाकर ही एक शक्तिशाली लैपटॉप बनता है।

इसलिए, जब आप एक नया लैपटॉप खरीदने काफैसला करते हैं, तो सिर्फ प्रोसेसर को देखकर ही अपना फैसला नहीं लेना चाहिए। अन्य विशेषताओं को भी विचार में रखना आवश्यक होता है।

साथ ही, आपको ब्रांड के बारे में भी सोचना चाहिए। अपने लैपटॉप को एक दिन से कम समय के लिए नहीं इस्तेमाल किया जा सकता है। इसलिए, आपको ऐसे ब्रांड का चयन करना चाहिए जो आपको उन विशेषताओं के साथ अच्छी गारंटी और बैकअप के साथ पेश कर सकता है जो आपको चाहिए।

इसलिए, अब आपको i5, i7 और i9 प्रोसेसर के बारे में पूर्ण जानकारी हो गई है और आप अपनी आवश्यकताओं और बजट के अनुसार उपयुक्त लैपटॉप चुन सकते हैं। यदि आपके पास अधिक बजट है, तो आप i7 या i9 लैपटॉप की ओर जा सकते हैं, जो अधिक शक्तिशाली होते हैं और जो आपको बेहतरीन प्रदर्शन और अनुभव प्रदान कर सकते हैं।

आखिरी टिप्सः

* एक अच्छा प्रोसेसर चुनते समय, ध्यान रखें कि वह आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम होना चाहिए।

* अपनी बजट केअनुसार लैपटॉप खरीदें।

* ब्रांड की गारंटी और बैकअप को भी ध्यान में रखें।

* एक लैपटॉप खरीदते समय, अन्य विशेषताओं को भी ध्यान में रखें, जैसे कि स्टोरेज, रैम, ग्राफिक्स और बैटरी लाइफ।

इसलिए, यदि आप एक नया लैपटॉप खरीदने की सोच रहे हैं, तो i5, i7 और i9 प्रोसेसर के बीच में अंतर जानते हुए उपयुक्त लैपटॉप चुनें। यदि आपके पास अधिक बजट है, तो i7 या i9 प्रोसेसर वाला लैपटॉप चुन सकते हैं और यदि आपका बजट कम है, तो i5 प्रोसेसर वाले लैपटॉप के लिए जा सकते हैं। उम्मीद है कि यह आपके लिए उपयोगी साबित होगा।

झीलः जहां मन्नत पूरी होने पर फेंका जाता है सोना-चांदी

पवन चौहान

मण्डी (हि०प्र०)

लोक मान्यताएं हैं जो किसी को भी हैरत में डाल देती हैं। इसी श्रृंखला में एक नाम आता है उस झील का जहां मनोकामना पूर्ण होने पर सोना, चांदी, नोट और सिक्के चढ़ाए जाते है। यह झील है 'कमरुनाग झील' जो हिमाचल प्रदेश के मण्डी जिला के अंतर्गत रोहाण्डा नामक स्थान से 6 कि०मी० की पैदल व बेहद थका देने वाली चढ़ाई चढ़ने के उपरांत समुद्रतल से 10938 फुट की ऊंचाई पर सरनाहुली में स्थित है। झील के बिल्कुल साथ ही है देव कमरुनाग का प्राचीन मंदिर। इस मंदिर की उपस्थिति के कारण इस झील को 'कमरुझील' की संज्ञा से भी नवाजा जाता है। झील की परिधि लगभग 400 मीटर है। देव कमरुनाग पांडवों के आराध्य देव हैं। यह स्थल अब जहां दुनिया की नजरों में एक धार्मिक पर्यटन के रुप में उभरा है वहीं यह ट्रैकर्स की भी पसंदीदा जगहों में शुमार हो गया है।

रोचक कथा

कहा जाता है जब द्वापर युग में महाभारत का युद्ध चला हुआ था तो इस पहाड़ी प्रदेश के राजा रत्नयक्ष (जो त्रेतायुग में कमरुनाग के रुप में अवतरित हुए थे) ने हारने वाली सेना की तरफ से युद्ध लड़ने की घोषणा की। कौरवों की सेना उस समय हार रही थी। राजा रत्नयक्ष बहुत ही बलशाली और प्रतापी राजा थे। श्रीकृष्ण जानते थे कि यदि राजा रत्नयक्ष ने कौरवों की तरफ से युद्ध किया तो पांडवों की हार निश्चित है। अतः धर्म की रक्षा हेतु श्रीकृष्ण ने राजा रत्नयक्ष की परीक्षा लेकर उनका सर मांग लिया। रत्नयक्ष ने सिर तो काट कर दे दिया लेकिन उसके साथ-साथ उन्होंने महाभारत का युद्ध देखने की इच्छा भी जाहिर की। श्रीकृष्ण मान गए। रत्नयक्ष का कटा हुआ सर एक बांस के डंडे पर टांग दिया गया। यक्ष ने कटे हुए सर से युद्ध देखना शुरु किया। लेकिन जिस सेना की तरफ वह क्रोध से देखते वह सेना हारने लगती और जिस सेना की तरफ प्यार भरी निगाह डालते वह जीतने लगती थी। श्रीकृष्ण ने देखा कि यदि यही सिलसिला चलता रहा तो युद्ध बिना हार-जीत के ही समाप्त हो जाएगा। अतः उन्होंने रत्नयक्ष से निष्पक्ष भाव से युद्ध देखने की प्रार्थना की और यक्ष को पांडवों का ठाकुर (आराध्य देव) बनाने का वचन दिया। यक्ष मान गए और अंत में पांडवों की जीत हुई। वचनानुसार, हिमाचल में सरनाहुली नामक स्थान पर इस झील के किनारे राजा रत्नयक्ष की इच्छानुसार इनकी स्थापना का कार्य पूर्ण हुआ।

अनोखी परंपरा

कमरुनाग के मंदिर की यहां उपस्थिति के कारण झील को अब 'कमरुनाग झील' के नाम से जाना जाता है। पूरा मंदिर लकड़ी से तैयार किया गया है। मंदिर में कमरुनाग की पत्थर की प्राचीन मूर्ति विद्यमान है। मूर्ति के ऊपर भक्तगण श्रद्धानुसार फूल के साथ चावल चढ़ाते हैं। सदियों से यहां एक विशिष्ट परंपरा है। लोग मनोकामना पूर्ण होने पर

भेंट मूर्ति पर न चढ़ाकर झील में फेंक देते हैं। इसी के चलते इस झील में सोने-चांदी के गहने, रुपये, सिक्कों आदि का अथाह भंडार है। इसको चढ़ाने का भी एक शुभ समय है। जब देवता को 'कलेया' लगेगी अर्थात भोग लगेगा तब ही।

मझाड़ा-मझाड़ी मंदिर

कमरुनाग से शिकारी देवी मंदिर को ओर जब हम थोड़ा चलते हैं तो हमें रास्ते के साथ एक बड़ी शिला नजर आती है। इसमें और साथ ही के पेड़ पर लोहे के रिंग, त्रिशुल, आदमी और पशुओं की आकृति में कटे लोहे के पत्तरे सजे रहते हैं जो श्रद्धालुओं ने अपनी मन्नत पूरी होने पर यहां चढ़ाए हैं। कहते हैं कि मझाड़ा-मझाड़िन को कमरुनाग का मजाक बनाने के चलते कमरुनाग ने श्राप देकर पत्थर में बदल दिया था। लेकिन अपनी भूल का अहसास होते ही कमरुनाग ने उन्हें कहा था कि जब भी लोग मेरी पूजा करने आएंगे तो तुम्हारी भी पूजा की जाएगी। तभी उनकी पूजा पूर्ण मानी जाएगी।

शानदार ट्रैकिंग रुट

कमरुनाग झील तक की यात्रा ट्रैकिंग का एक बहुत ही शानदार विकल्प है। सुंदरनगर-करसोग मार्ग पर रोहाण्डा से लगभग 6 कि०मी० का यह ट्रैकिंग रुट बहुत ही दिलचस्प है। कच्चे, पथरीले, बड़ी-छोटी चट्टानों से होता हुआ हमें यह रास्ता 10938 फुट की उस ऊंचाई तक ले जाता है जो हमें जरा-सा मौसम खराब होते ही जेठ के महीने में भी दिसंबर की कंपकंपाती सर्दी का अहसास करवा देती है। बेहद थका देने वाले इस रुट से हमें कमरुनाग झील तक पहुंचने में साधारणतः दो से अढ़ाई घंटे तक का समय लग जाता है। यही नहीं, इस झील

स्थानीय लोगों का मानना है कि देव कमरुनाग हर साल अपने भक्तों को फूलों, सिक्कों या कागजी मुद्रा के प्रसाद के बदले में आशीर्वाद देने के लिए प्रकट होते हैं, जिसे वे कमरुनाग झील में फेंक देते हैं। झील के पास देव कमरुनाग की एक प्राचीन पत्थर की मूर्ति है, इसलिए झील का नाम पड़ा। प्रत्येक वर्ष जून के महीने में देव कमरुनाग के प्रकट होने की उम्मीद की जाती है, इस दौरान एक बड़ा मेला लगता है, जहाँ विभिन्न स्थानों से हजारों लोग देव कमरुनाग के दर्शन और पूजा करने और उनका आशीर्वाद लेने के लिए आते हैं।

तक पहुंचने के लिए और भी ट्रैंकिंग रुट आप अख्तियार कर सकते हैं। जिनमें चौकी, झुंगी, चैलचौक-सरोआ, जंजैहली वाया शिकारी या बूढ़ा केदार, ज्यूणी घाटी के जहल, शाला, देवीदहड़ और वाया मंडोगलु रुट प्रमुख हैं। ये सारे रास्ते जहां ट्रैंकिंग का अपना रोमांच रचते हैं वहीं इन इलाकों में बिखरा प्राकृतिक सौंदर्य अपने सम्मोहन से यात्रिओं की सारी थकान को छुमंतर कर देता है। ट्रैंकिंग के शौकीनों को एक बार यहां अवश्य ही जाना चाहिए। यह ताउम्र की उनकी निश्चय ही बेहद स्मरणीय, आनंददायी, रोमांचक और खूबसूरत यात्रा होगी।

कमरुनाग से शिकारी देवी को भी ट्रैकर लगभग 7 घंटे की पैदल यात्रा कर ट्रैकिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। बस, शर्त इतनी भर है कि अपने खाने-पीने का सामान साथ लेकर चलें क्योंकि यहां पूरे रास्ते में कोई भी बाजार या दुकान आपको नहीं मिलेगी। हां, मेले के दौरान कुछ अस्थाई दुकानें जरुर लग जाती हैं।

वर्षा के देवता के रुप में मान्यता

कमरुनाग को 'बड़ा देव' भी कहा जाता है तथा इनकी मान्यता 'वर्षा के देवता' के रुप में भी है। सूखे की स्थिति में लोग कुल्लू, चच्योट, सुंदरनगर, मण्डी, बल्ह, करसोग आदि स्थानों से यहां आकर वर्षा हेतु पूजा-अर्चना करते हैं। कई लोग देव कमरुनाग को घटोत्कच के पुत्र बरबरीक का रुप भी मानते हैं। इसके पीछे उनका तर्क है कि बरबरीक भी एक शक्तिशाली राजा थे और उनका भी सर काट दिया गया था। कुरुक्षेत्र, जहां महाभारत का युद्ध लड़ा गया था में आज भी कमरुनाग की वीरता के किस्से सुनाए जाते हैं।

जड़ी-बूटियों की घाटी

कमरुघाटी में बर्फ पिघलने के उपरांत ढेरों जड़ी-बूटियां निकल आती हैं। बस, बात इतनी-सी है कि इनकी पहचान करने वाला कोई होना चाहिए। इस इलाके में सांप के फन की तरह की बूटी सभी यात्रियों को अपने

आकर्षण में बांध देती है। इसे 'नागफनी' के नाम से जाना जाता है। इसकी संरचना देखने वालों को हैरत में डाल देती है। यही नहीं, ज्येष्ठ-आषाढ़ माह में पूरी घाटी में उग आए छोटे-बड़े आकार के फूल पूरी घाटी को अपने सौंदर्य से लबरेज कर देते हैं। इस दौरान 'लिंगड़' भी घाटी में बहुतायत मात्रा में उगता है जिसका स्वाद आपको अपना दिवाना बना देता है।

मेला

हर वर्ष आषाढ़ मास के प्रथम प्रविष्टे को यहां मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर देव कमरुनाग की महिमा का गुणगान करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इसी दिन झील में फेंका जाता है ढेर सारा सोना-चांदी, रुपये तथा सिक्के। इसी दिन यहां सैकड़ों बकरों की बलि भी दी जाती थी जिस पर अब कोर्ट के आदेशों के चलते कमी अवश्य आई है। लेकिन छुपकर यह काम अभी भी जारी है।

यात्रा का समय

कमरुघाटी में बरसात में घास के बढ़ जाने और नवंबर के अंत तक बर्फ गिर जाने के कारण या पूरा रास्ता खतरनाक हो जाता है। इन मौसमों में यहां जाना अपनी जान को जोखिम में डालने वाली बात हो जाती है। यहां जाने का सही समय बसंत के बाद बर्फ पिघलने और बरसात से पहले का सबसे सही है। इस दौरान यहां हिमाचल के आस-पास के प्रदेशों के श्रद्धालु तथा इस रुट को जानने वाले देशभर के ट्रैकर यहां दस्तक देते हैं।

कहां ठहरें

आषाढ़ मेले के अलावा लगभग पूरे वर्ष यह स्थान बिल्कुल सुनसान व निर्जन रहता है। कमरुनाग मंदिर के नजदीक कोई घर नहीं है। लेकिन यदि मेले के आसपास जाएं तो यहां पर बनी सरायों में आप ठहर सकते हैं। शर्त यही है कि मंदिर का कोई कर्मचारी मौजूद होना चाहिए। यदि आप यहां नहीं रहना चाहते तो आप रोहाण्डा में बने वन विभाग के रेस्ट हाउस या फिर यहां के गेस्ट हाउस में भी ठहर सकते हैं। दूसरी तरफ से जाने वाले चैलचौक में ठहर सकते हैं।

कैसे पहुंचें

यहां आप बस या फिर अपने निजी वाहन या टैक्सी के द्वारा पहुंच सकते हैं। सुंदरनगर-करसोग मार्ग पर 36 कि०मी० रोहाण्डा नामक स्थान तथा वाया चैलचौक-सरोआ, शाला या वाया मंडोगलु होकर आप गाड़ी में कमरुनाग के बेहद करीब पहुंच जाते हैं। शाला से कमरुनाग लगभग 19 कि०मी० की दूरी पर है। यह सड़क आधी पक्की और आधी कच्ची है। यह रास्ता इसलिए बढ़िया है क्योंकि यहां बिल्कुल खड़ी चढ़ाई नहीं चढ़नी होती। यहीं नहीं, यहां हैलीपैड का निर्माण भी किया गया है लेकिन अभी यहां हैलीकॉपटर की सुविधा शुरु नहीं हुई है। निकटतम हवाई अड्डा भुंतर (104 कि०मी०), रेलवे स्टेशन, जोगिन्द्र नगर (100 कि०मी०) है।

तो फिर देर किस बात की है। आइए, रुख करते हैं कमरुनाग घाटी की ओर श्रद्धा की डूबकी लगाने तथा प्रकृति को अपने भीतर जीने के लिए।

होम्योपैथी दिवस विशेष:

हैनीमैन ने दी विश्व को एक नई चिकित्सा पद्धति

डॉ0 अमलेन्दु त्रिपाठी
9795513223



फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती पर हर साल 10 अप्रैल को वर्ल्ड होम्योपैथी डे मनाया जाता है। भारत सहित कई देशों में यह चिकित्सा पद्धति काफी लोकप्रिय है।

भारत सहित कई देशों में ऐलापैथ जैसी चिकित्सा पद्धति का विकल्प देने वाले चिकित्सक डॉ. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन की जयंती पर हर साल 10 अप्रैल को 'वर्ल्ड होम्योपैथी डे' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा में होम्योपैथी के योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करना है। यह चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. सैमुअल हैनीमैन के योगदान का सम्मान करने का भी दिन है।

यद्यपि हैनीमैन की इस पद्धति की कारगरता और आरोग्यता के बारे में विभिन्न पद्धतियों के चिकित्सकों में मतभेद अवश्य रहे फिर भी विश्व में इसकी लोकप्रियता बढ़ती गई, खासकर भारत में जहां ऐलापैथी का सशक्त विकल्प आयुर्वेद मौजूद है, यहां अन्य देशों की तुलना में यह सर्वाधिक प्रचलित हुई। यह वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली शरीर की अपनी उपचार प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने के लिए प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग करती है।

18वीं सदी से चली आ रही होम्योपैथी

होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति शरीर की अपनी हीलिंग प्रक्रिया को जागृत करने के लिए प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग करती है। जिसके सिद्धान्तों को जर्मन चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन ने 18वीं शताब्दी के अंत में विकसित किया था। यह "लाइक क्योर लाइक" के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका अर्थ है कि एक पदार्थ जो एक स्वस्थ व्यक्ति में लक्षण पैदा कर सकता है, वह एक बीमार व्यक्ति में समान लक्षणों को ठीक कर सकता है।

विश्व होम्योपैथी दिवस पर, लोगों को होम्योपैथी के लाभ के बारे में शिक्षित करने के लिए विभिन्न सेमिनार, कार्यशालाएं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। होम्योपैथी ने चिकित्सा के वैकल्पिक रूप में वर्षों से लोकप्रियता हासिल की है और इसकी प्रभावशीलता कई अध्ययनों द्वारा साबित हुई है।

डॉ. सैमुअल हैनीमैन (1755-1843) एक जर्मन चिकित्सक और होम्योपैथी के संस्थापक थे। हैनीमैन ने 1779 में एर्लांगेन विश्वविद्यालय से चिकित्सा की डिग्री प्राप्त की और जर्मनी के विभिन्न हिस्सों में चिकित्सा का अभ्यास किया। हैनीमैन का अपने समय के कठोर चिकित्सा उपचारों से मोहभंग हो गया था। जिसमें अक्सर रक्तस्राव, शुद्धिकरण

और पारा जैसे विषाक्त पदार्थों का उपयोग शामिल था।

उन्होंने शरीर की अपनी हीलिंग प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने के तरीके के रूप में पौधों और खनिजों जैसे प्राकृतिक पदार्थों के उपयोग के साथ प्रयोग करना शुरू किया। 'ऑर्गन ऑफ द मेडिकल आर्ट' यह हैनीमैन की सबसे प्रसिद्ध उपलब्धि है और होम्योपैथी के सिद्धांतों और प्रथाओं को रेखांकित करती है। ऑर्गनॉन ग्रन्थ पहली बार 1810 में प्रकाशित हुआ था और इसे कई बार संशोधित किया गया।

दो यूनानी शब्दों से बना है होम्योपैथी

होम्योपैथी दो यूनानी शब्दों, होमियोस और पथोस का मिश्रण है। होमियोस का अर्थ है समान और पथोस का अर्थ है दुख। दूसरे शब्दों में, होम्योपैथी उपचार के साथ रोगों के इलाज की एक प्रणाली है। होम्योपैथिक उत्पाद पहाड़ की जड़ी-बूटियों, सफेद आर्सेनिक जैसे खनिजों, जहर आइवी, और कुचल मधुमक्खियों जैसे जीव जन्तुओं से बनाए जाते हैं। ये होम्योपैथिक उत्पाद चीनी छर्रों, मलहम, गोलियों, जैल, क्रीम और बूंदों के रूप में होते हैं। उपचार प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतों के अनुसार तैयार किया जाता है।

रोगों में काफी कारगर है होम्योपैथी

होम्योपैथी चिकित्सकों का मत है कि इस पद्धति का उपयोग अक्सर एक व्यापक श्रेणी की बीमारियों के इलाज के लिए दवा के पूरक या वैकल्पिक रूप में किया जाता है। फिर भी कुछ बीमारियों में इसे ज्यादा कारगर माना जाता है। इन बीमारियों में एलर्जी, दमा, वात रोग, चिंता और अवसाद, क्रोनिक फटीग सिंड्रोम, माइग्रेन और सिरदर्द, पाचन विकार, इरिटेबल बाउल सिंड्रोम (आईबीएस), त्वचा की स्थिति (जैसे एक्जिमा और सोरायसिस), मासिक धर्म संबंधी विकार, जैसे मासिक धर्म में ऐंठन और अनियमित अवधि, श्वसन संक्रमण, जैसे सर्दी और फ्लू आदि।

लेकिन अपनी विशिष्ट स्थिति के लिए उपचार का सर्वोत्तम तरीका निर्धारित करने के लिए एक योग्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से परामर्श करना जरूरी है। गौरतलब है कि होम्योपैथी की स्वीकृति और लोकप्रियता देश और क्षेत्र के आधार पर काफी भिन्न होती है, और स्वास्थ्य देखभाल के वैध रूप के रूप में इसका उपयोग और मान्यता अभी भी दुनिया के कुछ हिस्सों में बहस और विवाद का विषय है।

कई देशों में प्रचलित है होम्योपैथी

होम्योपैथी दो शताब्दियों से चल रही है और आज तक मानवता की सेवा करती आ रही है। यह दुनिया के कई देशों में प्रचलित है और इसने भारत में भी सर्वाधिक लोकप्रियता हासिल की है। होम्योपैथी को एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के तौर पर भारत, ब्राजील और जर्मनी जैसे कुछ देशों में व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है ।

जर्मनी में भी होम्योपैथी लोकप्रिय है, यहां 6,000 से अधिक होम्योपैथिक डॉक्टर बताए जाते हैं और वहां वैकल्पिक चिकित्सा के रूप में होम्योपैथी का उपयोग करने की एक लंबी परंपरा है। अन्य देश जहां होम्योपैथी लोकप्रिय है, उनमें फ्रांस, अर्जेंटीना, मैक्सिको, इटली और स्पेन शामिल हैं। जबकि कई अन्य देशों में, होम्योपैथी व्यापक रूप से स्वीकृत या प्रचलित नहीं है। जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका में होम्योपैथी को खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) द्वारा नियंत्रित नहीं किया जाता है और इसे दवा का एक पूरक और वैकल्पिक रूप माना जाता है।

भारत और ब्राजील में है सर्वाधिक लोकप्रिय

भारत में होम्योपैथी के उपयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। अनुमान है कि भारत में 10 करोड़ से अधिक लोग होम्योपैथी का उपयोग अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए करते हैं। उदाहरण के लिए, भारत में 200,000 से अधिक पंजीकृत होम्योपैथिक डॉक्टर और 7,000 से अधिक होम्योपैथिक अस्पताल और औषधालय हैं।

सरकारें स्वयं होम्योपैथिक अस्पताल चलाती हैं। भारत के बाद ब्राजील एक ऐसा देश है जहां होम्योपैथी काफी लोकप्रिय है और व्यापक रूप से प्रचलित है, जिसमें 15,000 से अधिक पंजीकृत होम्योपैथिक डॉक्टर और बड़ी संख्या में होम्योपैथिक फार्मेसी हैं।

राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान देता है डिग्री

भारत में राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन है। इसकी स्थापना 10 दिसंबर 1975 को कोलकाता में हुई थी और अब यह आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन है। यह संस्थान 2003-04 तक कलकत्ता विश्वविद्यालय से संबद्ध था और 2004-05 के सत्र से पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से संबद्ध है और होम्योपैथी में डिग्री पाठ्यक्रम संचालित करता है।

बैचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी इस संस्थान द्वारा प्रस्तावित डिग्री पाठ्यक्रमों में से एक है। यह पाठ्यक्रम 1987 से शुरू किया गया है और इसकी अवधि साढ़े पांच साल है, जिसमें एक साल की इंटर्नशिप भी शामिल है।

नोट- होम्योपैथी में रोग के कारण को दूर कर के रोगी को ठीक किया जाता है। प्रत्येक रोगी की दवा उसकी शारीरिक और मानसिक अवस्था के अनुसार अलग-अलग होती है। अतः बिना चिकित्सकीय परामर्श यहां दी हुई किसी भी दवा का उपयोग न करें।

रोग और होम्योपैथी दवा के बारे में और अधिक जानकारी के लिए

स्वस्थ जीवन के मूल सिद्धांत

मुकेश कुमार सिंह
योगगुरु

मानव शरीर भगवान की अमूल्य देन है। एक सुखी एवं सफल जीवन का आधार है स्वस्थ और निरोगी काया । इसलिए कहा जाता है कि स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं है। स्वास्थ्य के अभाव में सब बेकार है।आज आधुनिक जीवनशैली में रोग हर घर में पहले की तुलना में बहुत से बढता जा रहा है शायद कोई ही ऐसा घर हो जिसमें परिवार के सदस्य को बिमारियां न हो जैसे-जैसे हम विकास की तरफ तेजी से बढ रहे है उसी तरह से रोग भी बहुत तेजी से बढ रहे है पहले से ज्यादा अस्पताल खुलते जा रहे है और दिन व दिन मरीजों की संख्या भी बढती जा रही है और कई नये -नये रोग होते जा रहे है अब तो बच्चों को बचपन से ही चश्मा लगने लगा है साथ ही ह्रदय रोग की बिमारियां और मोटापा भी तेजी से बढाने लगा है जिसके कारण भी कई सारे अन्य रोग और होने लगे है जैसे कमर दर्द, थायरायड, एसिडिटी, डायबिटीज, और मानसिक रोग बहुत तेजी से बढ रहे है। इस रोगों के शिकार सभी आयु वर्ग के लोग हो रहे है । साथ में बढते प्रदूषण के कारण भी कई सारे रोगों को जन्म दे रहे है और सबसे बढा कारण खान-पान में बढता फास्ट फूड जिसके कारण बच्चे और महिलायें और पुरूषों मे भी बिमारियों बहुत तेजी से बढ रही है। इसके साथ ही बिगडती दिनचर्या के कारण न सोने का सही समय है न ही जगने के इस कारण रोग बढते जा रहे है। स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के मूल सिद्धान्त है।

आहार, श्रम, विश्राम, मानसिक संतुलन, प्रकृति का साथ

आहार

आहार संयम स्वस्थ जीवन का पहला सूत्र है। आधुनिक जीवनशैली में आहार स्वास्थ्य के लिए कम स्वाद के लिए ज्यादा खाया जा रहा है। पेट भर जाने के बाद भी स्वाद के लिए भोजन करते रहते है। जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है हम कभी यह भी नहीं सोचते है कि जो आहार हम खा रहे है क्या

वह स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है या नहीं कुछ भी ध्यान नहीं देते है। भोजन की मात्रा कार्यशैली पर भी निर्भर करती है। जैसा कार्य उसी अनुरूप भोजन भी करना चाहिए। भोजन भूख से थोडा कम करना चाहिए, स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता हैं। शाकाहारी भोजन एवं मौसमी साग सब्जी अपने भोजन में जरूर शामिल करें , भोजन का छोटा ग्रास लेकर शांत चित्त से अच्छी तरह से खूब चबा-चबाकर करना चाहिए। जल्दबाजी में भोजन करने से दॉत का काम भी आंत को करना पड़ता है जिससे पाचन तंत्र पर अधिक जोर पड़ता है दीर्घकालीन दुर्बलता से पाचन तंत्र के कई रोग होने लगते है। इसलिए दूध और फल का सेवन प्रायः में खाये जिससे शरीर और मन दोनों ही स्वस्थ रहते है मिताहार स्वस्थ जीवन का सबसे बड़ा अंग है।

श्रम

जीवन में भोजन तथा श्रम दोनों का बहुत ही महत्व है यह हम सभी लोग जानते है आज आधुनिक जीवनशैली में हम सब स्वाद के चक्कर में भोजन खूब करते है परन्तु शारीरिक श्रम नहीं करते है जिसके कारण आज मधुमेह, मोटापा, थाइराइड, हृदयघात जैसे रोग ज्यादा

हो रहे है, आज हम सभी जैसे ही मौसम परिवर्तन होता है या बरसात में भीग जाते है वैसे ही हम बीमार हो जाते है,और डॉक्टर के पास जाते है डॉक्टर दवा देता है और हम यह भी पुछते है कि डॉक्टर साहब क्या आहार लें जिससे हम स्वस्थ और ताकतवर बने रहें। डॉक्टर द्वारा पौष्टिक भोजन दूध,घी, फल,और मेवे का सेवन बताता है। लेकिन आज डॉक्टर और रोगी दोनों इस बात को भूल जाते है कि उपयुक्त श्रम के अभाव के बिना अच्छे से अच्छा पौष्टिक आहार का काई उपयोग नहीं है उल्टे वह शरीर के लिए भार बनकर रोग उत्पन्न करता है। स्वस्थ रहने के लिए नित्य योग,व्यायाम,के साथ को स्थान देते हुए शारीरिक श्रम की आवश्यकता पूरी की जा सकती है, सुबह का नियमिति टहलना स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभदायक होता है सुबह की ताजी और शुद्व प्राणवायु में गहरी सॉस लेते हुए टहले वह शरीर को बाहर से ही नहीं अन्दर से भी एक नयी ऊर्जा उत्पन्न होती है जिससे शरीर तो स्वस्थ होता है अन्दर से सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता रहता है। जिस दिन शारीरिक श्रम न हो उस दिन भोजन कम ही लें।

विश्राम

भोजन और श्रम के साथ विश्राम के पश्चात नवजीवन का संचार होता है हम सभी लोग प्रतिदिन शारीरिक व मन से दिनभर श्रम करते है थककर चूर हो जाते है लेकिन रात में गहरी नींद शरीर में पुनः शक्ति तथा मन में नयी उमंग उठने लगती है । विश्राम के बाद श्रम तथा श्रम के बाद आराम दोनों एक-दूसरे के पूरक है। थके हुए व्यक्ति को पेटभर भोजन कराने से उसमें शक्ति नहीं आयेगी । शक्ति विश्राम से आती हैं। निद्रा विश्राम का सर्वोत्तम साधन है। निद्रा 6-7 घंटे लें निद्रा कम लेने से शरीर में थकान सी बनी रहती है। सभी अवयव थके एंव सुस्त रहते है । जिसके कारण किसी कार्य को करने में मन नहीं लगता है।

मानसिक संतुलन

शरीर हमेशा मन का अनुगामी है मन में संकल्प उठता है उस पर विवके निर्णय देता है

फिर उस संकल्प को काल्पनिक चित्र खीचता है और इसके बाद ही शरीर द्वारा क्रिया प्रारम्भ की जाती है। मन के स्वस्थ रहने पर शरीर सहज रूप से स्वस्थ रहेगा। इसके विपरीत अस्वस्थ चित्त से शरीर में रोग उत्पन्न होना स्वाभाविक है ऐसा कई बार देखा जाता है कि बाह्य परिस्थितियों के कारण शरीर रोगी बन जाता है लेकिन अगर मन स्वस्थ रहे और रोग का असर मन पर बिल्कुल न होने दिया जाय, जोकि पूर्णतः सम्भव है , तो शरीर अनुकूलता प्राप्त होने पर बड़ी आसानी से स्वास्थ्य लाभ कर सकता है। मन शांत और प्रसन्न रहने पर समान्तयः शरीर स्वस्थ रहेगा । मन में अशांति ,क्रोध ,ईर्ष्या ,राग-द्वेष से शरीर को रोगी बनने से रोका नहीं जा सकता है। मानसिक स्वस्थता ही आरोग्य की कुंजी है। मन और शरीर दोनों शुद्ध और स्वस्थ रहने पर ही आरोग्य सुरक्षित रह सकता है। मानसिक संतुलन बनाये रखने के लिए अपने ईश्वर की प्रार्थना करना। स्वस्थ रहने का अर्थ है खुद में खुश रहना ।

प्रकृति के साथ

आज की बदलती जीवनशैली में देर से सोना देर से जागने को भी आधुनिक जीवनशैली का हिस्सा मानने लगे है अच्छी सेहत के लिए जल्दी सोना और जल्दी उठने की बात कही गयी है परन्तु आज देर से सोना और देर से उठाना ही हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। कभी किसी कारण वश जगना और देर से उठाना नुकसान देह नहीं है लेकिन जो इस अपनी जीवनशैली में नियमित अपनाते है । उनके लिए हानिकारक होता है। शास्त्रों में भी कहा गया है कि सुबह सूर्योदय से एक घंटा पहले उठना किसी दवा से कम नहीं है सुबह जल्दी उठे और टहले सुबह की शुद्ध ताजी हवा हमारे शरीर में तेज , बल,शक्ति ,स्फूर्ति एवं मेधा का संचार होता है जिससे मन प्रसन्न और शांत हो जाता है। सुबह उठे जितना हो सके प्रकृति के साथ रहे क्योकि सुबह का वायुमंडल प्रदूषणरहित होता है इस समय पूरे दिन के मुकाबले वातावरण में आक्सीजन की मात्रा सबसे ज्यादा होती है सुबह की शुद्ध हवा हमारे तन और को स्फूर्ति देती है जिससे हमारे फेफडों को शक्ति मिलती है जितना ही सुबह प्रकृति से साथ रहेगे उतनी ही ज्यादा शुद्ध आक्सीजन मिलेगी। इसी लिए कहा जाता है कि प्रातकालः योग और प्राणायम करे और टहले जिससे हम स्वस्थ और निरोगी रहे। नियमित करें बहुत ही लाभ मिलता है । बहुत ही पुरानी कहावत है कि सुबह शाम की हवा लाख रूपये की दवा के बराबर है। इसलिए प्रकृति के साथ जुडे शुद्ध सुबह उगते सूर्य को दर्शन करें जो सबको ऊर्जा देता है । और जितना हो सके पेड पौधे लगाये जिससे ज्यादा से ज्यादा शुद्ध आक्सीजन हम सभी को मिल सके । जिससे हम सभी स्वस्थ और निरोगी रहें।

बंधक

श्यामल बिहारी महतो
बोकारो, झारखंड

पोखरणपुर गांव में। एक मदारी सा मेरा स्वागत हुआ था इसके साथ ही सबकी नजरें मुझपर आ टिकी थीं, मानो कोई अजूबा प्राणी हूँ और भूले-भटके उस गांव में पहुंच गया हूँ मेरी बाईक के दोनो छोर पर टंगे दो बडे बडे झोले और पीछे कैरियर में बंधा बोरी ने एक समा सा बांध दिया था। यह देख लोगों के बीच फुसफुसाहटें शुरू हो गयी थीं। मुझे अच्छी तरह याद है, उबड खाबड रास्तों पे चलते दो दो नालें और एक बहती नदी को पार करने में कितनी मस्सकत करनी पडी थी तब मुझे।

पोखरणपुर गांव के उतर दक्षिण आधा किलो मीटर पर बहती थी खरखरी नदी! सर्पाकार! और नदी के उस पार था घना जंगल! गांव के मुहाने से साफ दिखता था। नदी के दोनों किनारे सखुआ शीशम के जंगल दूर तक चला गया थाा पहले लोग दिन में भी इस जंगल में घूसने से डरते थे। खास कर औरतें! यदा-कदा नक्सली नजर आ जाते थे। अगर मैंखरखरी नदी की बात करूं तो यह नदी पोखरणपुर गांव के लोगो के लिए वरदान और अभिशाप दोनों थी। बारह माह पोखरणपुर की प्यास बुझाती थी परन्तु बरसात मे कभी कभी अपनी तेज बहाव में लोगो को बहा भी ले जाती थी। डर से हित कुटूम्ब लोग बरसात में पोखरणपुर आना जाना बंद कर देते थे।

उस दिन मैं घने जंगल की राह चल पडा था , उसी पोखरणपुर गांव की ओर! विकास की राह जोहते, उबड खाबड मुंह चिढाती कच्ची सडकें। बाइक की गति कभी कम तो कभी बढा देना पडता था। मन में एक डर भी लगा हुआ था और पेशाब भी लेकिन डर था कि बाइक रोक नहीं पाता फिर कहीं किसी जंगली जानवर भेंटा न जाए। पहले एक सियार फिर एक हुंडार ने अभी तक अपना दर्षन दे चुके थे। मुश्किल से अभी आधा किलोमीटर आगे बढा था कि सामने एक जंगली सूअर पष्चिम दिशा से भागता हुआ सडक पर निकला और पूरब की झाडियों में छंलाग लगा दी। इसके साथ "मारो.. मारो.. मारो का एक डरावना ष्षोर पीछे से आता सुनाई पडा। मेरे शरीर के सारे बाल सिहर उठे, लगा जान संकट में आन पडी है कि तभी हाथ में कुल्हाडी पकडे डाकू अंगुलीमाल की तरह एक

शिकारी
अचानक मेरे सामने आ गया ...

मैं गिरते गिरते किसी तरह बचा। लेकिन डर ने अपना काम कर दिया। झट से पेषाब निकल गया और पेन्ट गिली हो गयी। मैं समझ गया आगे और भी बहुत कुछ होने वाला है सूअर तो शिकारी के हाथ से बच निकला परन्तु मेरे पास अब कुछ नहीं बचेगा। वह खडा हो गया था बिल्कूल मेरे सामने, गज भर की दूरी पर, काला भूजंग सा वह मनुस्य कम आदिम मानव ज्यादा लग रहा था। पहनावे में टेहूना से उपर धोती बांधे और माथे पर एक लाल रंग का गमछा लपेटे हुए था। कसा हुआ भारी शरीर। मुझे लगा , एक हाथ मारेगा और सारा कुछ ले जंगल में समा जायेगा तभी सुना " खैनी....।" डरते डरते मैंने ना में सिर हिलाया। उसकी आंखो में अजीब सी बैचेनी थी

"ब बीडी ...." फिर मैंने वही किया। इस बार देखा नहीं । आगे निश्चित तौर पर पैसे की ही मांग करेगा। मैं अनुमान लगा रहा था।

फिर सुना "कहां जाहिं..!"

"प पोखरणपुर..." बडी मुश्किल से डरते डरते मुंह से निकला था , मन को ढाढस मिला तो मैंने झट दरिया दिली दिखायी और बाइक की डिकी से पानी का बोतल निकाल उसकी तरफ बढा दिया। उसने लपकते हुए बोतल पकडा और हाथ से इशारा करते कहा " जा " मेरी जान मे जान आई। मैंने देखा वह तेजी से उसी दिशा में आगे बढ गया था जिधर सूअर ने अभी अभी छंलाग लगाई थी।

डेढ दसक पहले पोखरणपुर नक्सलीयों का मांद के रूप में जाना जाता था। दिन को भी लोग उधर जाने से कतराते-डरते थे। कभी कभी दिन में ही अचानक जंगल से गोलियों की आवाज इस कदर आने लगती थी जैसे दीपावली में पटाखे फुटने की आवाज आती हो। डर और खौफ के साये में जीने को अभिशप्त थे पोखरणपुर वासी। अभी मैं उसी पोखरणपुर गांव में कदम रखने जा रहा था कि पूछ ताछ के क्रम में एक युवक बातों बातों में मेरी बाइक पर ऐसे सवार हो गया जैसे खेलते खेलते कोई बच्चा कंधे पर सवार हो जाता है ....।

"सर, आप कहां से आ रहे है? पोखरणपुर गांव में आप किससे मिलने जा रहे है ? बताइए मैं आपको उसके घर तक सीधे सीधे पहुंचा दूंगा।"

"कहीं यह लडका नक्सलीयों का मुखबिर

तो नहीं है " मन में एक ख्याल आ गया था। कई साथियों ने सावधान किया था और कहा था कि भेद जानने अजनबियों पर नजर रखने के वास्ते आज भी नक्सली हर गांव टोलों में अपना गुप्तचर छोडे रखता है। धत ! मन में क्या विचार लेकर बैठ गया।

यह सब पहले हुआ करता था। अब नक्सली भी चुनाव लडने लगे हैं। अब गुप्तचर रखने का क्या औचित्य!

लगा लडका कान खायेगा!

"नाम क्या है तुम्हारा"मैंने पूछा था

"सोहन "लडके ने बताया

"सुगिया को जानते हो?"

"कौन वो सुगिया जो अपने काका घर में नौकरानी बनी हुई है?"

" नौकरानी! तुम कैसे जानते हो वह नौकरानी है ?"

"सारा गांव जानता है सर! बेचारी!" लडका ने मुंह बनाया। स्वर भी बेचारगी से भर गया था।

"और क्या जानते हो सुगिया के बारे में? "अब मैं लडके के दिमाग में सवार होना चाहा था।

" सर सब बताउंगा, वह उस टोले में रहती है " कह लडके ने दूर के एक टीले पर ले गया, कहा टोले पर और ले आया टीले पर। मैंने लडके की ओर देखा तो वह दूसरी ओर देखने लगा। मैं समझ गया आज जिंदगी की कठिन इम्तिहान है। टीले पर आठ दस लोग पहले से मौजूद थे। बीच में एक चटान थी जिस पर मलखान सिंह जैसा एक आदमी बैठा हुआ था, कंधे पर उसने लाल रंग का गमछा डाल रखा था। उनकी बडी बडी आंखों में मैं सवाल की तरह टंग गया था। बाकी नजरें घूरने में लग गयी थीं। मेरा गला सूखने लगा था। पास में पानी भी नहीं था। पानी बोतल शिकारी को दे आया था। मैं किसी को याद भी नहीं कर सकता था क्योंकि संसार की काल्पनिक चीजों पर न भरोसा था न विश्वासा ही। बस मां को याद कर लिया। दिल को राहत महसूस हुआ।

"कौन है कहां से है कुछ बताया!'

"नहीं कामरेड दा, पूछा नहीं सीधे इधर ले आया " उसी लडके का जवाब था।

"स्याला ....." मैं मन ही मन उस लडके गाली देने लगा था।

"आप कहां से है किस मकसद से पोखरणपुर आना हुआ ..!"

"अखबार में सुगिया के बारे पढा था उसी की आर्थिक सहयोग के लिए आया हूँ। और दूसरा कोई मकसद नहीं है " मुंह से साफ निकल गया

" समाजसेवी हो !"

"छोटा मोटा " मेरा छोटा सा जवाब था।

इस बीच मेरे समानों की अच्छी तरह जांच पडताल हो चुकी थी। दो आदमीयों ने मेरे शरीर की भी जांच कर ली। तब हुक्म सा हुआ -" सुगिया से मिला दो "

हम अब टीले से टोला की ओर लौट पडे थो मैं उस लडके सोहन से बात नहीं करना चाहता था। पर वह तो खुद ब खुद बकने लगा-

"उसके बारे कोई एक बात हो तो बताउं.." मैं चुप रहा। उसने बकना जारी रखा-" उसके जैसा अभागन मैंने आज तक नहीं देखा। उसकी तकदीर में तो जैसे दुखों ने डेरा ही डाल रखा है। इतनी सी उम्र में ही उसने जीवन के कई उतार चढाव देख लिया है "लडका कहता चला गया और मैं केवल सुनता चला गया " कहते है अभाव के घाव कभी भरते नहीं, और सुगिया के जीवन में तो अभाव ही अभाव है। उसके जीवन की बडी अजीब कहानी है। जिसे सुनकर पत्थर दिल इंसान भी सुसक पडे। कुपोषण से उपजी जानलेवा बीमारी टीबी ने उसके परिवार वालों को एक एक कर लीलता गया। कुपोषण के कोख से किसी तरह बच निकला छोटा भाई खेदना के साथ जीवन के लिए संघर्स कर रही है सुगिया। टीबी से ग्रसित मां इलाज के अभाव में दो वर्स पूर्व पहले चल बसी थी। एक वर्ष पूर्व बड़ा भाई भी टी. बी. और पीलिया से लडते लडते इलाज के अभाव में अंततः दम तोड दिया था। आखिरी सहारा पिता भी दो माह पूर्व टीबी से जंग लडते लडते हार गया। उसके बाप के हिस्से की जो थोडी बहुत जमीन जायदाद थी इलाज में सब बिक गयी...। " एक पल के लिए वह लडका रूका था फिर चालू हो गया -" एक आखरी झोपडी थी जो बरसात में गिर कर ढह गई है। चाचा के घर शरण लेकर जीवन की जंग लड रही है सुगिया! बदले में चाची के सारे कामों को अपने सर ले रखी है पर अभी तक इसकी मदद को कोई आगे नहीं आया था , आप पहले मददगार के रूप में....। "

" फिर किसी दूसरे टीले पर ले जा रहे हो क्या" बीच में ही मैंने टोका था

" नहीं.."

अब हम सुगिया के झोपडी के सामने खडे थे।

एक अजनबी जब किसी अंजान जगह पर पहुंचता है तो अकस्मात कईयों के निगाहों में आ जाता है। यहां भी मुझपर ढेर सारी नजरें उग आयी थीं ।

कहा तो यह भी जाता है कि एक दौर था जब सरकारी योजनाओं को भी पोखरणपुर की जमीन पर जन्म लेने से पहले सौ बार सोचना पडता था। लेवी का लेबल हर योजना में चिपका होता था। सडक का अलग पुल-पुलिया का अलग और तो और इंदिरा आवास भी अछुता नहीं था लेवी से। पेड पौधे पर भी नक्सली डर चिपका हुआ होता था।

एक Wकहावत और चल पडी थी कि पोखरणपुर की माताएं भले बेटा बेटी पैदा करती थी लेकिन भूख और बेरोजगारी की कोख से पोखरणपुर के हर घर से नक्सली पैदा हो रहे थे। **क्रमशः**

जिज्ञासा और लालसा

तारादत्त भट्ट

मनुष्य के भीतर जो इच्छा रहती है उसके तीन भेद है कामना, जिज्ञासा और लालसा संसारिक भोग और संग्रह की कामना होती है स्वरूप ;निगुर्ण तत्वद्ध की जिज्ञासा होती है और भगवान ;सगुण तत्वद्ध की लालसा होती है।

संसार जो कि कामना है वह मूल से पैदा हुई है। कारण कि हमारे अन्दर एक तो परमात्मा का अंश है और एक प्रकृति का अंश है। परमात्मा का अंश जीवात्मा है- 'ममौवांशो जीवलोके' और प्रकृति का अंश शरीर है- 'मनः षष्ठानीन्द्रियाणि प्रकृति स्थानि मै क्या हूँ?- इस प्रकार स्वरूप (जीवात्मा) को जानने की इच्छा जिज्ञासा है और भगवान कैसे मिलें? उनमें प्रेम कैसे हो? इस प्रकार भगवान को पाने की इच्छा लालसा है। जिज्ञासा और लालसा ये दोनों इच्छाऐं अपनी है, पर कामना अपनी नही है।, क्यों कि जिज्ञासा और लालसा सत्-तत्वकी होती हैं। पर कामना असत् की होती है।

कामनाऐं शरीर को लेकर होती है। बहुत से भाई-बहन शरीर को मुख्य मानते हैं। पर वास्तव में शरीर मुख्य है। जो शरीर में अपना रहना मानता है वह शरीर मुख्य है। शरीर तो कपड़ों की तरह है।

"वासांसि जीर्वानि यथा विहाय नवानि गृहाति नरोडपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही।।"

जैसे मनुष्य पुराने कपड़ों को छोड़कर नये कपड़ों को छोड़कर नये कपड़े पहन लेता है, ऐसे ही वह ;शरीरद्ध पुरानें शरीरों को छोड़कर नये शरीर को धारण कारता है। शरीर हर दम बदलता है। इसलिए शरीर को जो कामनाऐं होती है, वे अपनी नहीं है। शरीर संसार की ईच्छा के कई नाम हैं, जैसे कामना, आशा, वासना तृष्ण आदि अमुख वस्तु मिल जाय, धन मिल जाय भोग मिल जाय कुटम्ब मिल जाय घर मिल जाय- ये इच्छाएँ सच्ची नहीं है। ये इच्छाऐं सभी योनियों में होती है। मनुष्य की इच्छाऐं कुछ और होती है, कुत्ते की इच्दाऐं और होती है, सिंह की इच्छाऐं और है। ऐसे ही

गाय-भैंस भेड़ बकरी आदि की अलग-अलग इच्छाऐं होती हैं। तात्पर्य है कि शरीर बदलते रहते हैं और इच्छाऐ भी बदलती रहती है वृक्षों को खाद तथा पानी की इच्छा होती है। ये मिले तो वृक्ष हरे हो जाते है ये न मिले तो तो वो सूख जाते है परन्तु जिज्ञासा और लालसा ये सिर्फ मनुष्य के अन्दर होती है। अन्य शरीरों की इच्छा है जिज्ञासा और लालसा असुरों व राक्षसों में नहीं होती है भूत प्रेत पिचास में नहीं होती यह देवताओं में हो सकती है पर उनमें भी योग भोगने कि इच्छा मुख्य रहती है जैसे मनुष्य लोक में ज्यादा धनी लोगों योग भोगने कि और धन संग्रह करने कि एक महात्मा ने पुछा हमारे पास इतने रूपये हैं कि कई पीढियों तक जीवन निर्वाह हो जाये फिर और रूपये कमा के क्या करोगे। उस धनी व्यक्ति ने बडी संज्नता से उत्तर दिया कि स्वामी जी इसका उत्तर हमारे पास नहीं है केवल एक ही धुन है धन कमाओ धन कमाओ उस धन का क्या करोगे इस तरफ ख्याल नहीं है पूरा धन भोग तो सकते नहीं अतः छोड कर मरना पडेगा। केवल भोगों की इच्छा रखने वाले मनुष्य कहलाने योग्य नहीं है मनुष्य कहलाने योग्य वहीं है जिसमें अपने स्वरूप की जिज्ञासा और परमात्मा की लालसा है। अपने स्वरूप को जानने की और परमात्मा को प्राप्त करने की इच्छा मनुष्य में ही हो सकती है यह सामर्थ्य मनुष्य में ही है परन्तु इसको छोड कर जो भोग और संग्रह में लगे हुए है उनमें मनुष्यपना नही है परन्तु पशुपना है भगवान ने इनको पशुबुद्धि कहा गया है।

पशुबुद्धिमियां जहि,

मैं कौन हू? मेरा मालिक कौन है? यह जानने की इच्छा मनुष्यबुद्धि है

इस दुनिया में एक अंधेरा सबकी आखों में जो छाया
जिसके कारण सूक्त पडे नहीं, कौन हूँ मैं कहा से आया।।
कौन दिशा को जाना मुक्त को किसको देख में ललचाया,
कौन है मालिक इस दुनिया का, किसने रची है यह माया।।

जिज्ञासा मनुष्य में हो सकती है पशुओ में गाय बडी पवित्र है मल और मूत्र किसी का भी पवित्र नहीं होता पर गाय का गोबर एंव गोमूत्र पवित्र होता है पवित्रता के लिए गोमूत्र छिडका जाता है , गोबर का चौका लगाया जाता है। ऐसी पवित्र होने पर भी गाय में भी यह जानने कि शक्ति नहीं है कि मेरा स्वरूप क्या है?

परमात्मा क्या है इसको मनुष्य ही जान सकता है मनुष्य जन्म के सिवाय और कोई जानने की जगह नहीं है यह मौका मनुष्य जन्म में ही है। इस जन्म में ही अपने आप को जान सकते हैं। भगवान को प्राप्त कर सकते हैं, भगवान में प्रेम कर सकते हैं अगर मनुष्य शरीर में आकर यह काम नहीं किया तो मनुष्य शरीर निरर्थक गया। कामनाऐं सदा बदलती रही हैं पर जिज्ञासा और लालसा सदा एक रहती हैं, कभी बदलती नहीं, कारण कि ये दोनों खुद कि हैं खुद कमी बदलता नहीं, शरीर बदलता रहता है। ऐसे ही इच्छाऐं बदलती हैं। भाव बदलते हैं रहन सहन बदलता है जो बदलता है वह हमारा स्वरूप नहीं है इसलिए शुखदेव जी ने राजा परीक्षित् को कहा-

त्वं तु राजन् मरिष्येति पशुबुद्धिमियां जहि।

राजन अब तुम यह पशुबुद्धि छोड दो कि मै मरूगा।

अगर स्वयं मर जाय तो दूसरी योनि में कौन जायेग? स्वर्ग नरक में कौन जायेगा? चौरासी लाख योनि में कौन भोगेगा? परन्तु स्वयं कमी मरता नहीं, क्यों कि वह परमात्मा का अंश है-

राम मरे तो मैं मारूॅ नहीं तो मरे बलाय।
अविनाशीका बालका, मरे न मरा जाय।।

जब राम जी नहीं मरते तो मैं क्यों मरू? हम राम जी के अंश है। हमारा विनाश कभी होता ही नहीं। हम कैसे हैं यह तो हम नहीं जानते, पर हम अनेक योनियों में गये, कभी जलचर बने, कभी नभ चर बने, कभी थलचर बने, कभी अण्डज, जरापुज, स्वेदज अथवा उम्दिज बने तो शारीर बदल गये, पर हम नहीं बदले। वे शरीर तो नहीं रहे पर हम रहें।

अतः हमारा स्वरूप हरदम बदलने वाली सत्ता है। जिसका कभी विनाश नहीं होता। यह सत्ता परमात्मा का अंश है। समुद्र से जल उठता है तो बादल बनता है बादल बनकर बरसता है। जानकार लोग बता देते हैं कि अमुख जगह से बादल उठा है तो वह अमुख जगह बरसेगा। वर्षा का जल नाले मे जाता है, नाला नदी में जाता हैं नदी समुद्र में जाती है इसका तात्पर्य है कि समुद्र से उठने के बाद जल कहीं भी ठहरता नहीं चलता ही रहता है अन्त में वह समुद्र में मिल जाता है तब उसको शान्ती मिलती है। ऐसे ही परमात्मा का अंश जब तक परमात्मा को प्राप्त नहीं हो जाता तब तक इसकी मुसाफिरी चलती रहती है। परमात्मा से मिलने पर ही इसको शान्ती मिलती है जैसे शरीर पृथ्वी का अंश है जब तक यह पृथ्वी में मिल नहीं जाता तब तक यह चलता फिरता रहता है। अन्त में मर कर यह मिटटी में मिल जाता है। यह पृथ्वी में पैदा होता है पृथ्वी में ही रहता है और पृथ्वी में ही लीन हो जाता है। यह पृथ्वी को छोड कर कही नहीं जा सकता। इसी तरह इस जीव को जब तक परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती, तब तक इसकी यात्रा चलती ही रहेगी यह जन्मता मरता ही रहेगा दुःख पाता ही रहेगा-

'पुनरपि जननं पुनरपि मरणं पुनरपि
जननीजठरे शयनम्।

इसको कही शान्ति नहीं मिलेगी। इसलिए मनुष्य को अपनी जो असली जिज्ञासा और लालसा है उसको जाग्रत करना चाहिए। मनुष्य शरीर में आकर भौग और संग्रह में लग गये तो लाभ कुछ भी नहीं व वहीं के वहीं रहे कोल्हु को बैल उम्र भर चलता है पर वही का वहीं रहता है। ऐसे ही बार बार जन्म लेते रहते हैं। और मरते भी रहते हैं। तो वहीं के वहीं रहे कुछ फायदा नहीं हुआ फायदा तभी होगा जब हमारा भटकना मिट जायेगा इसलिए विचार करना चाहिए कि हम किसके अंश हैं हम जिसके अंश हैं उस को प्राप्त करने पर ही हमारा भटकना मिटेगा। मनुष्य शरीर मिल गया तो परमात्मा कि प्राप्ति का अपना कल्याण करने का अधिकार मिल गया। कल्याण की सच्ची लालसावान साधक विना कल्याण हुए टिक नही सकेगा। गुरू मिल गया पर कल्याण नहीं हुआ। तो वहां नहीं मिटेगा साधु बनेगा तो वहां नहीं टिकेगा। गृहस्थ बनेगा तो वहां नहीं किसी संप्रदाय में गया तो वहां नहीं टिकेगा। भुखे आदमी को जब तक अन्न नहीं मिलेगा तब तक वह कैसे टिकेगा? जिसके कल्याण की अभीलाशा है वह कही भी ठहरेगा नहीं ठहरना उसके हाथ की बात नहीं है जहां उसकी लालसा पुरी होगी। वहीं ठहरेगा।

सत्संग बडे भाग्य से मिलता है- बडे भाग पाइब सतसंगा परन्तु जिस ग्रन्थ में भाग्य की बात लिखी है उस ग्रन्थ में यह लिखा है-

जेहि कें जेहि पर सत्य सनेहू। सो तेहि
मिलहि न कहुं संदेहू।।

सच्ची लालसा वाले को सच्चा संत्सग अवश्य मिलेगा। जिसके भीतर कल्याण कि सच्ची लालसा है उसको कल्याण का मौका मिलेगा। इसमें कोई सन्देश नहीं है इस भाग्य का काम है ही नहीं संसारीक धन की प्राप्ति के लिए तीन बातों को होना जुरूरी है धन की इच्छा हो उसके लिए उद्योग किया जाय और भाग्य साथ दे परन्तु परमात्मा इच्छा मात्र से मिलते हैं कारण कि मनुष्य शरीर मिला ही परमात्मा की प्राप्ति के लिए है। अगर परमात्मा नहीं मिले तो मनुष्य जीवन सार्थक ही क्या हुआ इसलिए संशारीर कामनाओं का त्याग करके केवल स्वरूप की जिज्ञासा अथवा परमात्मा की लालसा जाग्रत करो इस में मनुष्य जन्म की सार्थकता हैं।जब तक कामना योग संग्रह कि इच्छा रहती है तब तक जीव संसारी रहता है कामना मिटने पर जब जिज्ञासा पूर्ण हो जाती है। तब जीव को अपने अन्य स्वरूप में स्थित हो जाती है। फिर वह स्वरूप जिसका अंश है उस के प्रेम की लालसा जाग्रित हो जाती है स्यवं व्यक्त होते हुए भी ज्ञान में केवल अद्वैत रहता है और भक्ति में कमी द्वैव होता है कमी अद्वैव होता है। भक्ति में भक्त अपने तरफ देखता है तो द्वैव होता है और भगवान की तरफ देखता है अर्थात अपने तरफ देखने से मैं भगवान का हु तथा भगवान मेरे हैं यह अनुभव होता है। और भगवान की तरफ देखने से सब कुछ केवल भगवान ही है। यह अनुभव होता है। इस प्रकार द्वैत और अद्वैत दोनों होने से प्रेम प्रतिक्षण वर्धमान होता है।

टूटा हुआ रिश्ता जुड़ता है पर धीरे-धीरे

सुषमा त्रिपाठी

सामाजिक बदलाव के रिश्तो का जोड़ना जितना मुश्किल होता है उन्हें सहेजना उससे भी ज्यादा कठिन होता है इसके विपरीत तोड़ने के लिए तो एक झटका है काफी है यह झटका कुछ भी हो सकता है, जैसे कोई कड़वी बात किसी मामले पर किसी की उपेक्षा कोई भी मामूली गलती गलतफहमियां या कुछ और भी मुश्किल तो यह है कि ऐसा जब भी होता है, तो इसका पहले से कोई एहसास भी नहीं होता और पता भी तब चलता है जब घटना घट चुकी होती है अगर समय से पता चल जाए कि जो हम कहने जा रहे वह हमारे संबंधों पर गहरा असर डालेगा तो अधिकतर संबंध बिगड़ने ही ना पाए।

कई बार तो ऐसा भी होता है कि गलती के बाद तुरंत एहसास हो जाता है। ऐसी स्थिति में समझदार लोग बात को संभालने की कोशिश भी करते हैं और कई बार बात बन भी जाती है परंतु कई बार तो यह कोशिश बेकार भी हो जाती है।

अक्सर देखा जाता है कि ऐसे रास्तों में जुड़ने के बाद भी कुछ कसक सी रह जाती है क्योंकि आधुनिक मनोविज्ञान का मानना है कि यह मुश्किल ही है। असंभव नहीं अगर इस टाइम में अभी दरार की वजह को समझते हुए ठीक प्रकार से प्रयास किया जाए तो उस कसक काम इतना भी आसान और नहीं है इसके पहले ही टूटे हुए रिश्ते को नए तरीके से जोड़ने की कोशिश शुरू की जाए सबसे जरूरी है कि उसका कारण तलाश लिया जाए।

जारी रहे संवाद - बेशक कई बार गलती हमारी नहीं होती दूसरा पक्ष ही गलत होता है और यह बात जाहिर होती है यह एक बात बार-बार की होती है, तो क्षमा कर देना बेहतर होता है ध्यान रहे ऐसी स्थिति में संवाद नहीं टूटना चाहिए, क्योंकि कोई भी रिश्ते को बनाए रखने के लिए सबसे जरूरी होता है आपसे बातचीत जिस जगह पर बातचीत नहीं होती। उस जगह पर बने हुए रिश्ते भी बेजान होने लगते हैं और टूटे हुए रिश्ते फिर जोड़ने में तो सबसे महत्वपूर्ण भूमिका बातचीत से ही संभव हो सकती है इसलिए बातचीत को हर हाल में जारी रखना चाहिए।

दूसरों को स्वीकार करें - दूसरों में ही गलती ढूंढने का एक कारण यह भी है कि अधिकतर लोग दूसरों के व्यक्तित्व को स्वीकार नहीं कर पाते हर व्यक्ति दूसरों से अपनी अपेक्षाओं पर खरा उतरने की उम्मीद करता है लेकिन दुनिया में सब कुछ किसी के अपेक्षा के अनुरूप ही हो लेकिन यह ऐसा संभव नहीं हो सकता है। हमें यह बात समझनी चाहिए कि हर किसी का अपना व्यक्तित्व है किसी को अपने जैसा बनने की अपेक्षा या उसे अपने जैसा डालने की कोशिश खतरनाक हो सकती है बेहतर होगा कि जो व्यक्ति जैसा है वैसा ही उसे स्वीकार करना चाहिए।

व्यक्ति का सम्मान - रिश्ता कोई भी हो टूटने का कारण अधिकतर अहम का टकराव होता है क्या आपने कभी सोचा है

कि यह होता ही क्यों है इसकी एक वजह तो यही होती है कि हम दूसरे के व्यक्तित्व को कहे वैसे ही स्वीकार नहीं कर पाते हैं जैसा वह दूसरी बात यह है कि किसी पर अपने व्यक्तित्व और अपनी अपेक्षाओं के थोपने की कोशिश करने लगते हैं इसीलिए हमें अपने व्यवहार से उसे भरोसा दिलाना चाहिए कि हम में से जो भी गलती हुई होगी हम भविष्य में कोई ऐसी गलती नहीं करेंगे और हम मिलजुल रहेंग इस प्रकार संबंधित टूटे टूटे बस जाते हैं और हम ईमानदारी से अपना संबंध जीवन भर निभा पाते हैं।

स्वतंत्रता का सम्मान - शादी ही नहीं बल्कि हर रिश्ते में हमें एक दूसरे की निजी सुंदरता का सम्मान करना चाहिए पति पत्नी हमेशा एक ही छत के नीचे रहते हैं इसलिए दांपत्य जीवन को तनाव मुक्त बनाए रखने के लिए अपने पार्टनर की पसंद नापसंद शौक और उसकी निजता का सम्मान बेहतर जरूरी है जहां तक निजी अनुभवों का प्रश्न है तो मेरे पति मुझे पूरा पर्सनल स्पेस देते हैं और पूरा साथ भी दिया और आज जो मैं यह आर्टिकल लिख रही हूं इसमें भी उन्हीं का सहयोग है जो हमें प्राप्त हुआ है गुरु जी का सानिध्य और सहयोग के कारण आज पिछले 13 वर्ष से लगातार स्वतंत्र रूप से लेख लिख रही हूं।

देखें अपनी तरफ - संबंधों की बात करें तो यह जरूरी नहीं कि संबंध टूटने के मामले में गलती हर बार दूसरों की ही हो पर ऐसे मामले में सबसे पहले अपनी तरफ ही देखना होता है और जरूरी भी होता है क्योंकि अधिकतर तो यह होता है कि हम स्थितियों को बिना सोचे समझे ही दूसरे पक्ष को जिम्मेदार मान बैठते हैं बल्कि गौर करना चाहिए कि अगले व्यक्ति ने जो भी किया है उस पर हमारी क्या प्रतिक्रिया थी हमने जो किया क्या वह सही था ऐसा तो हो नहीं सकता कि हमारी तरफ से ही गलती थी मैंने उसे जबरदस्ती घसीटा यह सब बातें सोच समझकर ही सही कदम उठाना चाहिए।

समझे यह संकेत - जिस प्रकार कोई भी रिश्ता अचानक जुड़ता नहीं ऐसे ही एकाएक टूटता भी नहीं है संबंधों को टूटने में समय लगता है और इसके पहले कि टूट ही जाए संकेत भी देता है इसका संकेत अगर आपको साथी जिससे आपकी खूब बातचीत होती रहती है जो यह अचानक आपके साथ होते हुए भी चुप्पी साध लें तो फिर यह समझना चाहिए कि स्थितियां सामान्य नहीं है इसी प्रकार से बहुत कुछ संगीत के माध्यम से भी संबंध समझा जा सकता है।

आभार माने - जिस प्रकार अपेक्षाएं स्वभाविक है वैसे ही उनके पूरे होने पर आभार भी मानना चाहिए कई बार तो रिश्ते इसीलिए टूट जाते हैं कि हम अपना काम हो जाने के बाद संबंधित व्यक्ति को धन्यवाद तक भी नहीं बोलते हां अगर कोई कसर रह गई हो तो शिकायत जरूर कर लेते हैं आजकल तो लोग कोई भी भूल जाते हैं कम से कम भगवान को तो आभार जता ही देना चाहिए क्योंकि भगवान ने जन्म दिया है तो खाना जरूर देगा इसका तो आभार प्रकट करना चाहिए इसी प्रकार रिश्ते को सहित सके इसलिए मानसिकता से उबर ना जरूरी है जो इंसान जिस जगह काम आए उसे तुरंत वहीं पर आभार प्रकट कर देना चाहिए इससे दोनों तरफ रिश्तो में मजबूती और ठहराव और दोनों तरफ जीवन पर्यंत बातचीत चलती रहती है कुल मिलाकर मनुष्य नातेदार सभी मनुष्य को आभार जताना कभी भूलना नहीं चाहिए।

रिश्तो को कैसे निभाए - पत्ते का मामला बहुत ही नाजुक होता है मामूली सी बात भी किसी के दिल को ठेस पहुंचा सकती है भले ही उसमें कुछ गलत ना हो पर संबंध टूटने का कारण बन सकती है हालांकि रिश्ते केवल टूटते ही नहीं है टूटे हुए रिश्ते जुड़ भी जाते हैं रिश्ते चलाने के लिए ईमानदारी कोशिश और धैर्य होना स्वाभाविक है लेकिन हमें भी आपसी समझ होना बहुत जरूरी।

प्रशंसा है जरूरी - रिश्ते तो पौधों की तरह होते हैं फूल फल दे रहे हैं इसके लिए सूचना आवश्यक है और इसी प्रकार रिश्तो की सिंचाई के लिए अच्छे कार्यों की प्रशंसा से बेहतर जल नहीं हो सकता जब कोई व्यक्ति अच्छा कार्य करता है तो वह प्रशंसा चाहता है जबकि हमेशा इसका उल्टा ही होता है जैसे किसी से कोई गलती हो जाने पर हम उसे 10 बातें सुना देते हैं लेकिन अच्छे कामों पर उसका कर्तव्य है कह कर टाल देते हैं परंतु यह बातों से व्यक्ति को कुंठित करती हैं और जब किसी भी गलती पर उसकी आलोचना की जाती है तो उसका गुस्सा फूट पड़ना स्वाभाविक है परंतु अगर किसी के अच्छे काम की सराहना किया जाए तो फिर गलती करने पर तो के जाने से बुरा नहीं लगता अच्छे काम की प्रशंसा उसे और अच्छे काम के लिए प्रेरित भी करती है अगर किसी की प्रशंसा करना मुश्किल लगता है तो वसुधा यह उसके व्यक्तित्व की कमजोरी है इससे उबरने की कोशिश करनी चाहिए।

दांपत्य का मामला बहुत ही नाजुक होता है मामूली सी बात भी किसी के दिल को ठेस पहुंचा सकती हैं भले उसने कुछ गलत ना किया हालांकि रिश्ते के टूटते ही नहीं टूटे हुए रिश्ते जुड़ जाता है इसके लिए चाहिए मंदार कोशिश और धैर्य कुल मिलाकर बदलते हुए लोग चाहे जितनी गलती करें सिर्फ उनकी तारीफ होनी चाहिए गलती बताने से तो आप को खा जाएंगे जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए सभी को आपसी समझ और सूझबूझ से चलना चाहिए।

तुम युग पुरुष हो

तुम युग पुरुष हो, हां तुम्ही हो।
खुद को तुम पहचान लो, हां तुम्ही हो।।
तुम राम हो तुम कृष्ण हो तुम बुद्ध नानक हो तुम्ही हो।
तुम अलौकिक शक्ति से भरपूर पूरित शक्ति हो।
हो तुम्ही अंतरजागत के एक निश्चित अटल पौरुष।
हो तुम ही बहती हवा में, सिंधु की गहराइयां हो,हां तुम ही हो।।
यह जगत दुनिया ये सारी सृष्टि के नायक तुम ही हो।
इस सृष्टि का हर गुण तुम ही में गंध रश्मि सब तुम ही में,
हो रही हर हरकतें सारी क्रिया परिणाम तुम हो। हां तुम ही हो।।
दस शीश तुम हो कंस तुम हो देव दानव मनुज तुम हो।
है हर कला तुझ में समाहित तू ही श्रष्टा और दृष्टा,,
तुम युधिष्ठिर तुम दुशासन कर्ण दुर्योधन तुम ही हो। हां तुम ही हो।।
थे कभी यह पात्र सारे पर विचारों से तुम ही हो।
तुम ही पूजित तुम कलंकित सब तुम्हारे कर्म है।
निज कर्म के परिणाम पोषक भोग करते बस तुम ही हो। हां तुम ही हो।।
देव दानव सब तुम्हारे भाव की परिकल्पना है,
चाह लो तुम देव हो तुम चाह लो दानव तुम ही हो,
हर गुण तुम्हारे खुद सभी गुण के स्वयं धारक तुम ही हो। हां तुम ही हो।।
कल तुम्हारा था नहीं ना कल तुम्हारा फिर रहेगा,
आज हो तुम आज अपना आज कुछ ऐसा सवारों,
कल कहे दुनिया तुम्हें तुम युगपुरुष हो।हां तुम ही हो।।

(कामेश)

भारत - दर्शन

धरती पर है स्वर्ग सरीखा,
आओ! करें हम भारत - दर्शन ।
न्यारी संस्कृति में हर प्राणी, बदल रहा है निज परिवेश
भिन्न - भिन्न लोगों से मिलकर, देखे नित नव भारत देश,
पावन तीर्थाटन के द्वारा, मिलता हमको नूतन ज्ञान
अनुपम जीवन दिखे निकट से, अच्छी हो जाती पहिचान

माता भूमि हमें दुलराती
करती सब पर स्नेह सुवर्षण।
चारों धामों की यात्रा कर लें , मिल जाएगा पुण्य अगाध
आध्यात्मिक मान्यताओं से, जीवन की गति रहे अबाध
व्यवधानों में जीत - मुक्ति से, कदम बढ़ें उन्नति की ओर
पग - पग पर कष्टों को सहकर, नापें हँसकर चारों छोर

संस्कृति के प्रति दृढ़निष्ठा से,
करें सहर्ष सुहृदय अर्पण।
देवी - देवों के जन्मस्थल, दिखेंगे लाकर शुचिता भाव
पूर्वजों की तपस्थली भी, मन पर डाले धवल प्रभाव
सांस्कृतिक मूल्यों पर बल दें, परंपराएँ छुएँ शिखर
मिल जाएगा लाभ अपरिमित, सोच अनूठा जाए निखर

आस्था अनुदिन जमे सुदृढ़तर,
बढ़े तीर्थ के प्रति आकर्षण।
दुर्गम यात्रा करने जाते, आस्थावान नहीं रुकते
ऊँचे - ऊँचे पर्वत चढ़कर, बाधा सम्मुख कब झुकते
यात्री गंदे करें न स्थल, समुचित रखें साफ-सफाई
भीड़भाड़ से बचना होगा, सतर्कता में भली - भलाई

कलुष - कुटिलता अवगुण छोड़ें
स्वच्छ रखें हम मन का दर्पण।
आओ! करें हम भारत - दर्शन ।

-गौरीशंकर वैश्य विनम्र

माँ सदा पास रही

दुध पीते-पीते तेरी गोद में
जाने कब मैं चलने लगा,
तेरी सुखद छाँव तले माँ
निश्चिंत मैं पलने लगा ।
कभी गर्मी, बरसात या फिर
कड़ी सर्दी का होने नहीं दिया बोध,
हर मुसीबत, हर विपदा में
माँ ने किया उनका प्रतिरोध ।
अपने बदन का ख्याल न कर
दिया हमको नया परिधान ,
आँखों में तूने छुपाया आँसू
यह कैसा है विधि का विधान ।
तू भरती रही रोज पेट हमारा
जाने कितने रहकर भूखी ,
अपने सुखों को त्याग दी सदा
हमें होने न दिया कभी दुःखी ।
राह दिखलाती रही तूने हमें
हर दिन ,हर पल,हर घड़ी ,
हर कठिनाई , हर मुश्किल में
माँ तू सदा हमारे पास रही खड़ी ।
तू महान नहीं महानतम है माँ
तेरा दुनिया में कोई मेल नहीं ,
पिता होना तो आसान है
पर माँ होना कोई खेल नहीं ।

सुब्रत डे

इस विषमता से भरे

इस विषमता से भरे
संसार में कैसे जियोगे।
छद्म छल के अनवरत
व्यापार में कैसे जियोगे।।

विश्व के इस रूप को
स्वीकार ही करना पड़ेगा।
हर समय अस्तित्व के
इनकार में कैसे जियोगे।।

चित्त में सबके लिए यदि
सिर्फ कुत्साभाव होगा।
तुच्छताओं से भरी
तकरार में कैसे जियोगे।।

जिंदगी की वास्तविक
संपत्ति को जाना नही तो।
वस्तुओं से ही भरे
बाजार में कैसे जियोगे।।

आंतरिक आह्लाद को
जाने बिना जीने चले तो।
कीमती यह जिंदगी
बेकार में कैसे जियोगे।।

जीतने की लालसा में
हो गए पागल अगर तो।
हार जाओगे अगर तो
हार में कैसे जियोगे।।

दर्प से बीमार मन की
हेतुता से ही सुनिश्चित।
हर तरफ होते हुए
धिक्कार में कैसे जियोगे।।

ज्ञान से द्योतित हृदय के
कोण सब होंगे नहीं तो।
मोहभावी कष्ट के
आसार में कैसे जियोगे।।

वेद प्रकाश भट्ट 'सत्यकाम'

स्वक्षता ज्योति जलाते चलो

स्वक्षता ज्योति जलाते चलो,
फैले हुए कूड़े उठाते चलो।

घर में कूड़ा बाहर कूड़ा,
मन के भीतर जमें ले मूरा।
मन की मैल छुड़ाते चलो,
फैले हुए कूड़े उठाते चलो।

कूड़ा तेरा कूड़ा मेरा,
लगता जाये ढेरा-ढेरा।
सब शिक़वे दफनाते चलो,
फैले हुए कूड़े उठाते चलो।

स्वस्थ तन औ सुंदर मन हो,
सुंदर अपना वातावरण हो।
बात यही तुम बताते चलो,
फैले हुए कूड़े उठाते चलो।

अवसर का न देखो अवसर ,
साफ करो तुम रहो जहाँ पर।
खुद समझो समझाते चलो,
फैले हुए कूड़े उठाते चलो।

टिकेश्वर प्रसाद जंघेल

एलोवेरा

प्रकृतिमेल डेस्क

प्रकृति की एक अद्भुत देन है एलोवेरा, जिसे घृतकुमारी जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है। एलोवेरा अपने आप मे ही गुणों का खजाना है। इसके औषधिये गुणों के अपार फायदे है। प्रकृति के इस अजूबे से आप अपनी बागवानी की रौनक बढ़ा सकते है। इसकी कई किस्में है जो कि अपने रंग रूप से आपके घर की शान बढ़ा सकते है। वैसे तो एलोवेरा के औषधिये गुणों पर शोध चल रहे है फिर भी इसका भरपूर इस्तेमाल त्वचा संबंधी चीजों में किया जाता है।

एलोवेरा का इस्तेमाल त्वचा में नमी बनाये रखता है, जिससे रूखी बेजान सी त्वचा में रौनक आती है। एलोवेरा के गुण त्वचा में कसाव लाते है जिससे त्वचा जवान दिखती है। इसमें त्वचा में जलन कम करने के गुण होते है जो कि त्वचा के जिए राहत की बात है और गर्मी में त्वचा की रक्षा के काम आता है। एलोवेरा के तत्व किसी घाव को जल्दी भर देते है। जिस कारण से इसका उपयोग ऐसी क्रीमों में किया जाता है जो कि घाव भरने के काम आती है। एलोवेरा में विटामिन्स ए, सी, ई, मिनरल्स जिंक, कॉपर, कैल्शियम आदि पाये जाते है। अपने गुणों के चलते देखा जा रहा है कि एलोवेरा कसर का राकथाम म, मधुमह का कंट्रोल करने के साथ ही शरीर को विषैले पदार्थो से मुक्त रखने में कितना उपयोगी हो सकता है। मधुमेह को नियंत्रित रखने के लिए इसके जूस का इस्तेमाल किया जाता है। एलोवेरा प्लेटलेट्स को बढ़ाने के काम आता है। डेंगू के मरीजों को इसके सेवन के लिए कहा जाता है। एलोवेरा जूस का सेवन करने वालों ने बताया है कि इससे उन्हें पेट की दिक्कतों में भी राहत मिली है। जिन्हें गैस की समस्या थी उन्हें भी राहत मिली। कब्ज की परेशानी में भी एलोवेरा कारगर है। आज प्रदूषण की वजह से लोगों में गंजापन जैसी समस्या बहुत देखने को मिलती है। बालों की सेहत के लिए भी एलोवेरा बहुत फायदेमंद है। इसका इस्तेमाल बाला म नमा बनाय रखता ह। बाला को मजबूती देता है और झड़ने से बचाता है। पुरूषों के लिए भी यह काफी उपयोगी है। दाड़ी बनाने के लिए शेविंग क्रीम के स्थान पर यदि एलोवेरा का इस्तेमाल करे तो त्वचा लम्बे समय तक सही रहती है। इससे क्रीम में इस्तेमाल किये जाने वाले केमिकल से भी बचा जा सकता है। आफ्टर शेव लोशन भी त्वचा को काफी नुकसान पहुँचाते है। इनकी जगह आप एलोवेरा का इस्तेमाल कर सकते है। तब क्यू न एलोवेरा को घर की शान बनाया जाये। जब यह बागवानी में भी सुन्दरता लाता है और हमें भी सेहतमंद रखता है।

प्रकृति के रंग





नामः सृजन

पता : नौलखा, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश



"जो स्वतः हो रहा है, उससे गुजर जाना ही कर्म है जो पूर्व आत्मिक बीज के परतीय विज्ञान के गंध रूप में मौजूद होता है जब उसका समय आता है तो सक्रीय होकर अपने गंधीय विज्ञान के चुंबकत्व से तत्व पदार्थ का मिलान कर अपने कर्म को पूर्ण करता है। "

'अशोक मानव'

स्थापित 1948 74 वर्षों का विश्वास

लाला जुगल किशोर गोटे वाले

परिधान वही जो
व्यक्तित्व को निखार दे

55 अमीनाबाद पार्क, लखनऊ। सम्पर्क: 9935329775

दुर्गा आटो सेल्स

सेवा ऐसी जो पसीना न बहने दें

Aurhorised Dealer for Mahindra Tractors, Farm Equi pments & Spare Parts



durgaautosale2000@gmail.com 9919528830 0545-4242216

इलाहाबाद-जौनपुर रोड, मद्दली शहर, जौनपुर, उ. प्र. ।